# केदारनाथ यात्रा 2026: हाई-टेक निगरानी के साथ तैयारियां पूरी



- पैदल मार्ग पर स्वास्थ्य, पेयजल, खाने-रहने के साथ शौचालय और सुरक्षा के पूरे इंतजाम
- यात्रा मार्ग पर ग्लेशियरों पर भी रहेगी पैनी नजर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल की सुबह आठ बजे आम श्रद्धालुओं के दर्शन को लेकर खोल दिए जाएंगे। ऐसे में जिला प्रशासन स्तर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासन का दावा है कि इस बार यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी चीज की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य, पेयजल के साथ ही रहने और खाने की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है, जबकि गौरीकुंड से लेकर केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर हाईटेक तकनीकी की मदद से नजर रखी जाएगी , जिससे कोई घटना होने पर त्वरित कार्यवाही की जा सके।

केदारनाथ यात्रा 2026 को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष यात्रा प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया है। प्रशासन द्वारा गौरीकुंड से केदारनाथ मंदिर तक पूरे यात्रा मार्ग की निगरानी के लिए एक हाई-टेक मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। इसके तहत एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से यात्रा रूट पर हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यात्रा मार्ग पर 90 कैमरे लगाए गए हैं, जिससे हर एंगल से निगरानी संभव हो सकेगी।

आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि इस अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली से यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है।

वही, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि 11वें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल की सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ विधिवत खोल दिए जाएंगे। इस पावन अवसर को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं, शुद्ध पेयजल, भोजन एवं आवास की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक के पैदल मार्ग पर आधुनिक हाईटेक निगरानी प्रणाली स्थापित की गई है। इस तकनीक के माध्यम से पूरे मार्ग पर सतत नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित, व्यवस्थित और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया जाए, जिससे उनकी यात्रा यादगार और निर्बाध बन सके। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि यात्रा सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# केदारनाथ हाईवे के सीतापुर में राजमार्ग की हालत खराब



- लोनिवि सचिव ने नाराजगी जाहिर कर जताया रोष
- चारधाम यात्रा को लेकर पंकज पांडेय ने लिया हाईवे का जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर लोक निर्माण विभाग सचिव पंकज कुमार पांडेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-07 एवं एनएच-107 का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को अगले दो दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने मार्ग पर पड़े मलबे को तत्काल हटाने, धूल की समुचित सफाई सुनिश्चित करने तथा एनएच-107 के देविधार और रामपुर-खुमेरा खंड को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सोनप्रयाग स्लाइड जोन पर जाली लगाकर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। सचिव पांडेय ने कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सभी कर्मियों के लिए हेलमेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य बताया।

उन्होंने एनएच-107 के कम चौड़ाई वाले स्थानों, जिसमें विशेष रूप से ब्यूंग, कोर्खी एवं सीतापुर से पूर्व के क्षेत्रोंकृमें तकनीकी परीक्षण कर दीवार निर्माण के माध्यम से सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही करने को कहा।

इसके अलावा, सीतापुर के समीप लोक निर्माण विभाग के मार्ग की खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दो दिनों के भीतर सड़क को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। सचिव ने स्पष्ट किया कि चारधाम यात्रा को देखते हुए सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग ओंकार पांडे, अधिशासी अभियंता लोनिवि रुद्रप्रयाग इंद्रजीत बोस, अधिशासी अभियंता लोनिवि उखीमठ आर.पी. नैथानी तथा अधिशासी अभियंता डीडीएमए राजविंद सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# केदारनाथ यात्रा को लेकर रुद्रप्रयाग में सुरक्षा चाक-चौबंद



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** आगामी विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद रुद्रप्रयाग में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग सुश्री नीहारिका तोमर के निर्देशन में बीती देर रात्रि को जनपद के सभी कोतवाली एवं थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत पुलिस टीमों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित होटलों, ढाबों और होमस्टे की गहन जांच की। इस दौरान ठहरे हुए व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखते हुए आवश्यक जानकारी जुटाई गई। वहीं, सड़कों पर बैरियर लगाकर पुलिस बल ने वाहनों की सघन चेकिंग की। मार्ग से गुजरने वाले संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस की इस सक्रियता से पूरे क्षेत्र में सतर्कता का माहौल बना रहा।

पुलिस प्रशासन के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों और यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के बीच सुरक्षा का विश्वास कायम करना तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गति. विधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि यात्रा सीजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए इस प्रकार के चेकिंग अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# मूल्यांकन प्रणाली पर लापरवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

कोटद्वार । लगातार शिकायत के बाद भी मूल्यांकन प्रणाली में सुधार नहीं होने पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के छात्रसंघ पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है।

इस दौरान सदस्यों ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेता. वनी दी है। इस संबंध में विद्यार्थियों ने श्री देव सुमन विश्व विद्यालय को ज्ञापन भेजा। छात्र संघ अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि विश्व. विद्यालय स्वयं की ओर से निर्धारित अध्यादेशों का पालन नहीं कर रहा है। नियमों के अनुसार किसी भी विषय में उत्तीर्ण होने के लिए आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन को मिलाकर न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। इसके बावजूद कई विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण घोषित किया जा रहा है। विद्यार्थियों ने 120 से अधिक प्रभावित छात्र-छात्राओं की अंकतालिकाओं की प्रतियां भी प्रस्तुत कीं, जो इन विसंगति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि समस्या केवल एक महाविद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश के कई अन्य महाविद्यालयों के छात्र भी इससे प्रभावित हैं। इस दौरान छात्र प्रति. निधियों ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता व निष्पक्षता का अभाव है, जिससे छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## एक नजर .......

### दुर्घटना में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**कोटद्वार।** देवी रोड पर गत 10 अप्रैल की रात को हुई सड़क दुर्घटना में घायल महिला की हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में उपचार के दौरान मौत हो गई है। मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस आरोपी बाइक सवार युवक के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कर चुकी है। पूर्व पार्षद गायत्री भट्ट व देवी रोड निवासी मृतका के देवर संतोष गुसाईं ने बताया कि भिक्कावाला कालागढ़ निवासी रीना गुसाईं, उम्र 36 वर्ष, पत्नी संजय गुसाईं परिवार के साथ सिताबपुर में किराये पर रह रही थी। गत 10 अप्रैल को देवीरोड पर तेज रफ्तार बुलेट सवार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आ गई थी। उन्हें उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। परिजन उन्हें उपचार के लिए हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट ले गए थे। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### उषा और भावना को मिलेगा सिटीजन ऑफ ईयर अवार्ड

**लैंसडौन।** लैंसडौन ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन का 15वां वार्षिक अधिवेशन 13 व 14 जून को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा। नगर के प्रतिष्ठित सिटीजन ऑफ ईयर अवार्ड के लिए लैंसडौन की स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर व स्वर संस्था की अध्यक्ष उषा नैथानी व अभ्युदय संस्था की अध्यक्ष भावना वर्मा को संयुक्त रूप से नामित किया गया है। हास्य कलाकार घनानंद गगोडिया स्मृति श्रेष्ठ स्टेज कलाकार ऑफ द ईयर सम्मान के लिए रंगकर्मी डॉ सतीश कालेश्वरी व मनीष का चयन किया गया है। लोसा के अध्यक्ष डॉ एसपी नैथानी ने बताया कि बैठक में कई निर्णय लिए गए। 28 अप्रैल को स्व. अश्वनी कोटनाला स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता, 3 मई को नरेंद्र क्लब में प्राइमरी जूनियर, सीनियर वर्गों की आओ गुनगुनाए काव्य पाठ, 10 मई को प्राइम. री, जूनियर व सीनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता व 24 मई को सुलेख प्रतियोगिता होगी। बैठक में अजय अग्रवाल, डॉ. संदीपन हलधर, प्रमोद वर्मा, मोहन नैथानी, गंगा जुयाल, उषा नैथानी, लक्ष्मी थापा, भावना वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित ब्लाक एवं नगर अध्यक्षों का माल्यार्पण कर किया स्वागत

**कोटद्वार।** कांग्रेस पार्टी के जिला पंचायत सदस्य कविता डबराल के कैंप कार्यालय मालवीय उद्यान कोटद्वार में जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विनोद डबराल एवं अन्य पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित ब्लाक एवं नगर अध्यक्षों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिनमें मुख्यत: अनिल रतूड़ी ब्लाक अध्यक्ष यमकेश्वर, रितेश ठाकुर अध्यक्ष दुगड्डा नगर, राजीव जखमोला ब्लाक अध्यक्ष दुगड्डा का स्वागत किया गया । इस अवसर पर कोटद्वार कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल एवं वक्ताओं ने नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्षों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी मनोनयन एवं अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा अनुमोदित प्रदेश के ब्लाक एवं नगर अध्यक्षों की सूची जारी की गई है, इससे नि:संदेह 2027 विधानसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का सृजन होगा। महिला आरक्षण पर बोलते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल एवं पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत ने कहा कि भाजपा सरकार जहां महिला अत्याचार रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है वही भाजपा सरकार महिला आरक्षण के नाम पर षड्यंत्र पूर्वक 2011 की जनगणना के आधार पर अपने हित में संसद और विधान मंडलों की सीटों का परिसीमन करना चाहती है, जो देश की जनता को स्वीकार्य नहीं है। इस अवसर पर कांग्रेस पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत, शीला भारती, रमेश चन्द्र खंतवाल, बलबीर सिंह रावत, भारत सिंह नेगी, बीरेंद्र सिंह रावत, गोकुल सिंह नेगी, कै. रणबीर सिंह रावत, सुरेन्द्र सिंह गुसाईं, प्रधान नरेन्द्र सिंह नेगी, प्रदीप नेगी, सुबेग जोशो, जावेद हुसैन, चंद्र मोहन सिंह रावत, महाबीर सिंह नेगी, देवेंद्र कुमार, नागेन्द्र बिष्ट, नवीन चंद्र, आदि ने विचार व्यक्त किए।

# हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस की पैनी नजर

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पंजीकृत हिस्ट्रीशीटरों को थाने पर बुलाकर उनका सत्यापन सुनिश्चित किया गया। इसी क्रम में कोतवाली कोटद्वार पुलिस द्वारा थाने पर हिस्ट्रीशीटरों को बुलाया गया जिसमें कुल 14 हिस्ट्रीशीटर उपस्थित हुए जो हिस्ट्रीशीटर अपने कार्य अथवा व्यवसाय के कारण नगर क्षेत्र से बाहर थे, उनसे दूरभाष के माध्यम से संपर्क स्थापित कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा उन्हें आगामी निर्धारित तिथि पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में कोतवाली पौड़ी, थाना रिखणीखाल आदि थानों में हिस्ट्रीशीटरों को बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

हाजिरी के दौरान उपस्थित सभी हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन किया गया तथा उनकी वर्तमान गतिविधियों, व्यवसाय, पारिवारिक स्थिति एवं सामा. जिक आचरण के संबंध में विस्तृत जानकारी की गई। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि संबंधित व्यक्ति किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त न हों तथा उनका आचरण विधि-सम्मत बना रहे। साथ ही सभी हिस्ट्रीशीटरों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि किसी भी अवैध अथवा असामाजिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# नियमों के उल्लंघन पर 35 वाहनों का चालान

**नई टिहरी।** एआरटीओ सत्येंद्र राज एवं इंटरसेप्टर प्रभारी नवीन तिवारी के नेतृत्व में रविवार को परिवहन विभाग द्वारा चारधम यात्रा के सपफल एवं सुरक्षित संचालन हेतु यात्रा मार्गो पर प्रवर्तन विभाग द्वारा लगातार सध्न चेकिंग अभियान संचालित की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को एनएच-34 पर प्रवर्तन कार्यवाही की गई। जिसमे मोटर व्हीकल अर्धिनियम की विभिन्न धराओं में यातयात नियमों के उलंघन में 35 चालान किए गए। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान अनंत राम , नवीन सहायक परिवहन निरीक्षक , रोहन ,विपिन ,मोनिका सहित आरक्षी टीम उपस्थित रही।

# भरत चौधरी ने किया बद्रीनाथ राजमार्ग का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन श्सुरक्षित और सुगम चारधाम यात्राश को धरातल पर उतारने के लिए सरकार पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में रविवार को ग्राम्य विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत सिंह चौधरी ने जनपद चमोली के कमेडा से बद्रीनाथ धाम तक राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने यात्रा मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनजर उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की सुविधा हेतु सड़क सुधारीकरण और सुरक्षा उपायों को समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाए।

राजमार्ग के निरीक्षण के साथ-साथ मंत्री चौधरी ने क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो रही एलपीजी आपूर्ति की समस्या पर विशेष संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया और निर्देश दिए कि यात्रा सीजन के दौरान स्थानीय जनता और तीर्थयात्रियों को गैस सिलेंडरों की किल्लत न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।निरीक्षण के दौरान थराली विधायक भपाल राम टम्टा. भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, एनएचआईडीसीएल के जीएम शादाब इमाम, पीआईयू (पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता योगेश मनराल बीआरओ के अधिशासी अभियंता केटी राव , एसडीएम कर्णप्रयाग सोहन सिंह रागण एसडीएम चमोली, एसडीएम जोशीमठ सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्टेम शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच पैदा करना: राणा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड अगस्त्यमुनि के राजकीय इंटर कॉलेज पीड़ा में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सौजन्य से शिखर अरविंद शिक्षण समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) जैसे विषयों को अधिक मनोरंजक और रुचिकर बनाने के विभिन्न तरीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में संस्था के मास्टर ट्रेनर नवदीप राणा ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को दैनिक जीवन मे स्टेम के व्यवहारिक उपयोगों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि स्टेम शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता विक. सित करना है। साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में भविष्य के रोजगार अवसरों पर भी विस्तार से जानकारी दी। संस्था की अध्यक्ष हेमा पुष्पाण और सचिव विनोद कुप्रवान ने स्टेम शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप हिमालयी क्षेत्र की नवोदित प्रतिभाओं को कौशलयुक्त बनाना है, ताकि वे सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश पांडे ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं शिखर अरविंद शिक्षण समिति का आभार व्यक्त किया।

# रामलीला आयोजन के लिए हनुमान ध्वज की स्थापना

**नई टिहरी:** युवक अभिनय श्री रामकृष्ण लीला समिति की ओर से इस वर्ष भी प्राचीन टिहरी की ऐतिहासिक रामलीला को आधुनिक और अधुनिक तकनीक के साथ भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। बीते वर्ष की सपफलता के बाद इस बार आयोजन को और अध्कि दिव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। रविवार दोपहर ढाई बजे हनुमान चौक से बौराड़ी स्टेडियम तक भव्य झांकी व हनुमान ध्वज स्थापना यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुऽ स्थानों होकर गुजरेगी। सांय पांच बजे बौराड़ी स्टेडियम में ध्वज स्थापना व पूजन का कार्यक्रम आयोजित होगा। वर्ष 2000 में पुरानी टिहरी के डूबने के बाद इस सांस्कृतिक ध्रोहर को वर्ष 2013 में नई टिहरी में पुनर्जीवित किया गया था। हालांकि वर्ष 2020 में कोविड महामारी के चलते आयोजन नहीं हो पाया। लगभग साढ़े पांच वर्षों के अंतराल के बाद इसे पुन: आध्ुनिक स्वरूप में शुरू किया गया, जिसे इस वर्ष और अध्कि भव्यता के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है।

# भक्तों का छह माह का इंतजार खत्म, हिमालय के लिए रवाना हुए बाबा केदार

- 22 अप्रैल की सुबह आठ बजे खुलेंगे बाबा केदारनाथ के कपाट



शाह टाइम्स संवाददाता

ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी व पर्वतराज हिमालय की गोद में बसे भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ से कैलाश के लिए रवाना हो गयी है। पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली के कैलाश रवाना होने से विद्वान आचार्यों के वेद ऋचाओं, भक्तों की जयकारों, महिलाओं के धार्मिक भजनों, आर्मी व स्थानीय वाध्य यंत्रों की मधुर धुनों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली के कैलाश रवाना होने पर शीतक. ालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर को आठ कुन्तल अनेक प्रजाति के पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया तथा अनेक भक्तों द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। देर सांय भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली प्रथम रात्रि प्रवास के लिए फाटा पहुंची तथा विभिन्न यात्रा पड़ावों पर भक्तों को आशीष देते हुए 21 अप्रैल को केदारनाथ धाम पहुंचकर भण्डार गृह में विराजमान होगी तथा 22 अप्रैल को प्रात: आठ बजे शुभ लगनानुसार भगवान केदारनाथ के कपाट विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिये जाएंगें। शनिवार देर सांय को ओंकारेश्वर मन्दिर में संपंन हुई भैरवनाथ पूजन में विभिन्न प्रदेशों के शिव भक्तों ने शामिल होकर पुण्य अर्जित किया। रविवार को केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में ब्रह्मा बेला पर विद्धान आचार्यों ने पंचाग पूजन के तहत अनेक पूजाये समपन्न कर भगवान केदारनाथ सहित 33 कोटि देवी-देवताओं का आहवान कर विश्व शान्ति व समृद्धि की कामना की। ठीक नौ बजे भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली का श्रृंगार किया गया तथा ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से 22 अप्रैल से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा के निर्विघ्न सम्पन्न होने की कामना की। रॉवल भीमाशंकर लिंग ने केदारनाथ के प्रधान पुजारी टी गंगाधर लिंग को पगड़ी व अचकन पहनाकर छ: माह केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना तथा प्रवास करने का संकल्प दिया।

### इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भटट्, बद्री केदार मन्दिर समिति उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण, राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष कुब्जा धर्म्वाण, सामा. जिक कार्यकर्ता कुलदीप रावत, कुशाल नेगी, मन्दिर समिति सदस्य प्रहलाद पुष्वाण, विनीत पोस्ती, जिलाधिकारी/मुख्य कार्याधिकारी विशाल मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट , केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, सन्तोष त्रिवेदी, व्यापार संघ अध्यक्ष राजीव भटट, मुख्य विकास अधिकारी राज. ेंद्र रावत, उप जिलाधिकारी अनिल रावत, देवानन्द गैरोला, केदारनाथ मन्दिर प्रभारी राजन नैथानी, डोली प्रभारी किशन त्रिवेदी, ओंकारेश्वर मन्दिर प्रभारी विजेन्द्र बिष्ट, प्रकाश पुरोहित, पूर्व प्रधान राय सिंह धर्म्वाण, राजेन्द्र धर्म्वाण, प्रकाश रावत, शिव शंकर लिंग, राज शेखर लिंग, यशोधर मैठाणी, विश्व मोहन जमलोकी, नवीन मैठाणी, प्रदीप धर्म्वाण, मदन भट्ट सहित जनप्रतिनिधि, देश-विदेश के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# आज हिमालय के लिए रवाना होंगे बाबा तुंगनाथ



शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** पंच केदारो में तृतीय केदार के नाम से विश्व विख्यात व हिमालय में सबसे ऊंचाई पर विराजमान भगवान तुंगनाथ की यात्रा का आगाज आज सोमवार को शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ से होगा। भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ से कैलाश के लिए रवाना होगी तथा 22 अप्रैल को भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली के धाम पहुंचने पर तुंगनाथ धाम के कपाट वेद ऋचाओं व बम-बम भोले के उदघोषो के साथ ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिये जाएंगे।

मन्दिर समिति द्वारा भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ से रवाना होने तथा आगामी कपाट खुलने की सभी तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। जानकारी देते हुए डोली प्रभारी प्रकाश पुरोहित ने बताया कि सोमवार आज भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चारण, भक्तों की जयकारों व महिलाओं के धार्मिक मांगल गीतों के साथ शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ से कैलाश के लिए रवाना होगी तथा प्रथम रात्रि प्रवास के लिए गांव के मध्य भूतनाथ मन्दिर पहुंचेगी जहाँ पर ग्रामीणों द्वारा पुढखी मेले का आयोजन कर भगवान तुंगनाथ को नये अनाज का भोग अर्पित कर विश्व समृद्धि व क्षेत्र के खुशहाली की कामना की जायेगी। तुंगनाथ मन्दिर समिति प्रबन्धक बलवीर सिंह नेगी ने बताया कि 21 अप्रैल को भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली भूतनाथ मन्दिर से कैलाश के लिए रवाना होगी तथा पाव, चिलियाखोड़, पंगेर, बनियाकुण्ड यात्रा पड़ावों पर भक्तों को आशीर्वाद देते हुए अन्तिम रात्रि प्रवास के लिए चोपता पहुंचेगी तथा 22 अप्रैल को भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली चोपता से रवाना होकर विभिन्न सुरम्य मखमली बुग्यालों में नृत्य करते हुए तुंगनाथ धाम पहुंचेगी तथा भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली के तुंगनाथ धाम पहुंचने पर तुंगनाथ धाम के कपाट वेद ऋचाओं के साथ ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिये जाएंगे। इस वर्ष भी तुंगनाथ मन्दिर को लगभग आठ कुन्तल विभिन्न प्रजाति के फूलों से सजाया जा रहा है तथा भक्तो मे भारी उत्साह बना हुआ है।

# सीएम ने किया अखंड परम धाम गंगा घाट का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित श्री अखण्ड परमधाम गंगा घाट के लोकार्पण समारोह एवं स्वामी परमानन्द गिरि महाराज की 71वीं संन्यास जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर देशभर से पधारे संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल एक घाट के लोकार्पण का अवसर नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना के निरंतर प्रवाह का प्रतीक है। उन्होंने स्वामी परमानन्द गिरि महाराज के जीवन को तप, त्याग और साधना का अनुपम उदाहरण बताते हुए कहा कि उनके विचारों एवं शिक्षाओं ने समाज को सेवा, करुणा और मानव कल्याण के मार्ग पर अग्रसर किया है।

मुख्यमंत्री ने साध्वी ऋतम्भरा के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र एवं सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य समाज को सही दिशा प्रदान करता है और आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। दून विश्व. विद्यालय में 'सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज' की स्थापना भी की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत एवं जनसंख्या संतुलन को सुरक्षित रखने के लिए संकल्पबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए आध्यात्मिक मूल्यों का सुदृढ़ होना आवश्यक है। उन्होंने सभी से संतों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम पर आने वाले यात्रियों की यात्रा सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालित हो,इसके लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है। इस अवसर पर पूज्य स्वामी बालकानंद महाराज, बीकानेर स्वामी विशोकानन्द भारती महाराज, योग ऋषि पूज्य स्वामी रामदेव महाराज,साध्वी ऋतंभरा , स्वामी महाराज अविचल दास , अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पूरी महाराज,निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज, आचार्य स्वामी ज्योतिर्यानंद गिरी महाराज, स्वामी मुनि महाराज, महंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ,चिदानंद मुनि महाराज, आचार्य बालकृष्ण महाराज, स्वामी अनंत देव महाराज, बाबा निर्मल दास महाराज, जितेंद्रानंद सरस्वती महाराज, अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग साध्वी निरंजन ज्योति , महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी हरिच.ेतनानंद महाराज, महामंडलेश्वर पूज्य आत्मानंद मुनि महाराज, महामंडलेश्वर ज्योतिर्मयानंद जी महाराज,राष्ट्रीय मंत्री हिंदू परिषद अशोक तिवारी, पंचायतीराज एवं आपदा प्रबंधन मंत्री मदन कौशिक , परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर,मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार,एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह सहित देशभर से आए संत महात्मा एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डॉ अंबेडकर ने समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों के लिए जीवन भर किया संघर्ष : गैरोला

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय पर भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के 135 में जयंती वर्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब का समाज के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान रहा है। भारतीय जनता पार्टी का मात्र यह उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों, सिद्धांतों एवं उनके द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दर्जाधारी राज्य मंत्री ज्योति प्रसाद गैरोला ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपने पूरे जीवन में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने भारतीय समाज को एक नई दिशा देते हुए शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध मजबूत आवाज उठाई। बाबा साहब समाज को शिक्षित बनाने के लिए अनेकों अनेक कार्य किए। लोगों को जागृत किया और शिक्षा को मजबूत हथियार बताते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही दहाड़ेगा।



कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन करते हुए कहा कि आज पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उन्हें नमन करता है।

कार्यक्रम में दर्जाधारी राज्य मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना, अनिल गोयल, डॉ देवेंद्र भसीन, श्रीमती विना.ेद उनियाल ,कुलदीप बुटोला ,रविंद्र वाल्मीकि, अशोक वर्मा ,कार्यक्रम संयोजक संकेत नौटियाल, विजेंद्र थपलियाल ,राजेंद्र ढिल्लों ,सुनील शर्मा, राजेश कंबोज व दयाराम कई पार्षद महानगर पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित है।

# पिरूल आधारित बायोमास उद्योग से मिलेगा महिलाओं के रोजगार: रेखा आर्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने रविवार को अल्मोड़ा के पड़ोलिया में पिरूल आधारित बायोमास प्रोडक्शन यूनिट का उद्घाटन किया।



■ पड़ोलिया में किया पिरूल आधारित बायोमास प्लांट का शुभारंभ

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस यूनिट के लगने से आसपास क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं पिरुल एकत्रित करके उद्योगों को बेचेंगी, उनके हित सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पहले ही नीति बना चुकी है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इससे न सिर्फ जंगलों की आग रोकने में मदद मिलेगी, साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्र में उद्योगों को ऊर्जा के नए विकल्प उपलब्ध होंगे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों ने महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित किया है और आगामी चुनाव में आधी आबादी विपक्षी दलों को इसका मुंह तोड़ जवाब देगी।

इस अवसर पर अनिल सिंह शाही, मंडल अध्यक्ष सुंदर सिंह राणा, प्लांट के निदेशक बालम भाकुनी, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, पवन भाकुनी आदि उपस्थित रहे।

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग 24 से

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का आयोजन 24 अप्रैल से शुरू होगा। लीग में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर नैनीताल जिले की अंडर-16 टीम का चयन किया जाएगा, जो आगे क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करेगी। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अप्रैल मंगलवार निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी किसी टीम से नहीं खेल पा रहे हैं, वे सीधे जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लीग के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# अहिंसा, करुणा, समानता और भाईचारा मानवता के विकास के लिए बहुत जरूरी: राज्यपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को नई दिल्ली में अहिंसा विश्व भारती की ओर से जैन आचार्य लोकेश मुनि के जन्मोत्सव पर आयोजित "विश्व शांति सद्भावना सम्मेलन" में भाग लिया। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया सहित अनेक गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अहिंसा, करुणा, समानता और भाईचारा मानवता के विकास के लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक महान संत की जयंती नहीं, बल्कि उनके बताए गए मूल्यों को याद करने का अवसर भी है, जो दुनिया में शांति और एकता लाने में मदद करते हैं।

■ जैन आचार्य लोकेश मुनि के जन्मोत्सव पर आयोजित "विश्व शांति सद्भावना सम्मेलन" में शामिल हुए राज्यपाल




राज्यपाल ने कहा कि आज दुनिया कई समस्याओं जैसे अस्थिरता, पर्यावरण संकट और सामाजिक असमानता का सामना कर रही है। इन समस्याओं का समाधान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि लोगों के अंदर बदलाव और अच्छे विचारों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि सच्ची शांति अहिंसा, बातचीत और सहिष्णुता से आती है। उन्होंने भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, अनेकांतवाद और अपरिग्रह के संदेश को आज भी प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विचारों को समझने से आपसी मतभेद कम हो सकते हैं। राज्यपाल ने आचार्य लो.केश मुनि को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की।

# पुलिस ने पकड़ी गैस सिलेंडरों की खेप, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में रसोई गैस के संकट के बीच सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध बिक्री करने वालों पर दून पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी देहरादून के निर्देशन में कोतवाली पटेलनगर पुलिस ने निरंजनपुर सब्जी मंडी क्षेत्र में छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 32 अवैध एलपीजी सिलेंडर बरामद हुए हैं।



वर्तमान में घरेलू गैस की आपूर्ति में चल रही किल्लत को देखते हुए एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को कालाबाजारी में लिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके चलते क्षेत्राधिकारी सदर अंकित कंडारी के निर्देशन में पटेल नगर पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। 18 अप्रैल की रात मुखबिर से सूचना मिली कि निरंजनपुर सब्जी मंडी के पास एक बंद पड़े पेट्रोल पंप के पीछे बने कमरे में भारी मात्रा में गैस सिलेंडर छिपाकर रखे गए हैं, जिन्हें ऊंचे दामों पर अवैध रूप से बेचा जा रहा है।

सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की और वहां से भूपेन्द्र मंडल पुत्र हरिचरण मंडल, निवासी सीतामढ़ी (बिहार) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके पर खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया। जांच के दौरान आरोपी के पास से कुल 32 सिलेंडर बरामद हुए, जिनमें 21 भरे हुए घरेलू सिलेंडर, 6 खाली घरेलू सिलेंडर, 1 भरा हुआ कमर्शियल सिलेंडर और 4 भरे हुए पेट्रोमैक्स सिलेंडर शामिल हैं।अभियुक्त के खिलाफ थाना पटेलनगर में आवश्यक वस्तु सेवा अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। इस पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसाईं, चौकी प्रभारी प्रवीण सिंह पुंडीर, हेड कांस्टेबल सुशील और कांस्टेबल प्रवीण शामिल रहे।

## स्टेडियम में ऑन-साइक्लिंग

**हल्द्वानी।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में नारी शक्ति के उत्साहपूर्ण संस्करण के अंतर्गत प्रत्येक रविवार सुबह आयोजित होने वाले खेलो इंडिया फिट इंडिया अभियान के तहत ऑन-साइक्लिंग एवं जुम्बा एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 40 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। यह पहल महिलाओं को शारीरिक रूप से फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर रही है। सभी प्रतिभागी महिलाओं ने इस अभियान को हर रविवार और अधिक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिक.ारी डा. निर्मला पंत द्वारा किया गया। आयोजन का संचालन तनुजा आर्य ने संगीत के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से किया।

# भावी अधिकारियों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 78 आर.आर. बैच के 86 प्रशिक्षु भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के दल ने रविवार को राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) वाहिनी, जॉलीग्रांट का शैक्षणिक भ्रमण किया।

उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा अधिकारियों को कठिन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों की बारीकियों से अवगत कराना था।अकादमी के उप निद.ेशक श्चौतन्य सिरिप्रोलु के नेतृत्व में पहुँचे इस दल को एसडीआरएफ की कार्यप्रणाली और उसकी संगठनात्मक संरचना के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षुओं को समझाया गया कि आपदा के समय सूचनाओं का आदान-प्रदान और विभिन्न एजेंसियों जैसे स्थानीय पुलिस, थल सेना और जिला प्रशासन के बीच सटीक समन्वय ही किसी भी अभियान की सफलता का आधार होता है।भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को उत्तराखंड में हुए प्रमुख बचाव अभियानों, जैसे सिल्क्यारा सुरंग बचाव अभियान धाराली और रेणी की घटनाओं के अनुभवों से रूबरू कराया गया।

उन्हें बताया गया कि किस प्रकार दुर्गम पहाड़ियों, खराब मौसम और संचार की कमी जैसी बाधाओं के बीच योजनाबद्ध तरीके से लोगों की जान बचाई जाती है।

### आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन

वाहिनी के प्रशिक्षित कर्मियों ने आपदा के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले आधुनिक यंत्रों और संसाधनों का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षुओं ने इन उपकरणों की कार्यक्षमता को देखा और समझा कि आपदा क्षेत्र में तकनीकी सहायता कितनी महत्वपूर्ण होती है। अंत में, प्रशिक्षु अधिकारियों ने बल के अनुशासन और व्यावसायिक दक्षता की प्रशंसा करते हुए इसे अपने प्रशिक्षण काल का अत्यंत उपयोगी अनुभव बताया।

# शोभायात्रा निकालकर मनाई परशुराम जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीया के मौके पर घर वर्ष की भांति इस रविवार को शिव नगरी उत्तरकाशी में भगवान परशुराम की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। परशुराम मंदिर समिति समेत स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की खुशहाली एवं विश्व शांति के लिए परशुराम मंदिर में श्रृंगार , सुंदरकांड ,



हवन के साथ पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही शहर में भव्य झांकी कर मंदिर में नई ध्वजा भी चढ़ाई गया।

इससे पूर्व प्रातः काल से ही भक्तजनों ने मंदिर की 365 बार प्रदिक्षिणा कर पुण्य अर्जित किया।

काशी नगरी में मणिकर्णिका घाट पर भी पूजा की गई तथा नई ध्वजा एवं कलश तैयार किए गए। इसके बाद बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों, युवाओं एवं श्रद्धालुओं शहर के मुख्य मार्गों में भव्य शोभा यात्रा तथा कलश यात्रा निकाली। इस अवसर पर काशी विश्वनाथ के पुजारी अजय पुरी मंदिर समिति के अध्यक्ष बुद्धि सिंह पंवार उपाध्यक्ष, महेंद्र पाल सिंह सजवाण, मंदिर के पुजारी विनोद नौटियाल ,अनूप नौटियाल, पुजारी एवं प्रबंधक शैलेंद्र नौटियाल , मुरारी लाल भट्ट सुभाष चंद्र नौटियाल माधव प्रसाद भट्ट ,मोहन डबराल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेश, सभासद अमेरिकन पुरी, चंद्रशेखर भट्ट ,राजीव सेमवाल, हेमराज बनूणी आदि मौजूद रहे।

# देश की जनता को झूठ परोस रही भाजपा: गोदियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने रविवार को कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की और से देश को झूठ परोसे जाने, भ्रम की स्थिति और विभाजनकारी नीतियों के लिए आढ़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि प्रधानमंत्री ने 'राष्ट्र के नाम संदेश' जैसे गंभीर और गरिमामयी मंच का उपयोग विपक्ष को कोसने के लिए किया? यह परंपराओं का अपमान और देश के संसाधनों का दुरुपयोग है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है।

■ जो बिल सदन में गिरा, वह परिसीमन संशोधन विधेयक था, न कि महिला आरक्षण बिल
■ परंपराओं का अपमान व देश के संसाधनों का दुरुपयोग करने का लगाया आरोप



महिला आरक्षण को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर प्रहार करते हुए गोदियाल ने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 में ही संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन चुका है और संविधान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जो बिल सदन में गिरा, वह परिसीमन संशोधन विधेयक था, न कि महिला आरक्षण बिल। इसके बावजूद भाजपा देशभर में भ्रामक प्रचार कर रही है और जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री प्रेस वार्ताओं के जरिए एक झूठा नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, मानो महिला आरक्षण का रास्ता विपक्ष ने रोका हो, जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है।

### सरकार महिला हितैषी है, तो तमाम नौकरियों में 33 प्रतिशत सीट रिजर्व

गोदयाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी को चुनौती देते हुए कहा कि यदि वह इतना ही महिला हितेषी हैं तो प्रदेश की तमाम नौकरियों में मेडिकल कॉलेज में लोक सेवा आयोग आदि में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट रिजर्व कर दे। गोदियाल ने कहा कि विपक्ष ने न केवल महिला आरक्षण का समर्थन किया, बल्कि उसे पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंत में उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए, न कि पार्टी हित। कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान, लोकतंत्र और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी और भाजपा के इस भ्रामक अभियान का सशक्त तरीके से जवाब देती रहेगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विश्व लिवर दिवस पर मैक्स हॉस्पिटल ने किया जागरूक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** लिवर के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 19 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले श्विश्व लिवर दिवसश के अवसर पर, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने एक जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य लिवर की देखभाल के महत्व और लिवर की बीमारियों का शुरुआती चरण में पता लगाने की आवश्यकता को उजागर करना था। लिवर से जुड़े विकार, जिनमें फैटी लिवर रोग, हेपेटाइटिस और सिरो.सिस शामिल हैं। आजकल स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चिंताओं के रूप में उभर रहे हैं। इसका मुख्य कारण अस्वस्थ खान-पान की आदतें, शराब का बढ़ता सेवन, मोटापा और गतिहीन जीवनशैली है।



■ डॉक्टरों ने जागरूकता बढ़ाई और शुरुआती जांच व जीवनशैली में बदलाव का किया आग्रह

लिवर शरीर में कई महत्वपूर्ण कार्य करता है, जिनमें हानिकारक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालना (डिटॉक्स करना), पाचन में सहायता करना, चयापचय (मेटाबॉलिज्म) को नियंत्रित करना और आवश्यक पोषक तत्वों को जमा करना शामिल है। हालांकि, लिवर की बीमारियां अक्सर चुपच.ाप बढ़ती रहती हैं, और कई लोगों को अपनी बीमारी के बारे में तब तक पता नहीं चलता, जब तक कि वह गंभीर या उन्नत चरण तक नहीं पहुंच जाती।

इस अवसर पर बोलते हुए, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और लिवर ट्रांसप्लांट के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मयंक नौटियाल ने कहा, लिवर की बीमारियों को अक्सर चिकित्सकीय रूप से मूक बीमारियां कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती चरणों में मरीजों को कोई खास लक्षण महसूस नहीं होते। जब तक लक्षण दिखाई देते हैं, तब तक लिवर को काफी नुकसान हो चुका होता है।

शुरुआती निदान और प्रभावी प्रबंधन के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर स्क्रीनिंग (जांच) करवाना अत्यंत आवश्यक है। जीवनशैली में कुछ साधारण बदलाव करके लिवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। लोगों को संतुलित आहार पर ध्यान देना चाहिए, अपना वजन स्वस्थ सीमा में रखना चाहिए, मधुमेह (डायबिटीज) को नियंत्रित रखना चाहिए, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना चाहिए, और शराब के सेवन व बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेने (सेल्फ-मेडिकेशन) से बचना चाहिए, क्योंकि दवाओं का अत्यधिक या अनुचित उपयोग लिवर के कामकाज पर बुरा असर डाल सकता है।ष

डॉ. नौटियाल ने आगे लिवर फंक्शन टेस्ट (लिवर की कार्यक्षमता की जांच) के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये जांचें लिवर में होने वाली असामान्यताओं का शुरुआती चरण में ही पता लगाने और उन्हें गंभीर जटिलताओं में बदलने से रोकने में मदद कर सकती हैं।

# दूसरे बीच एशियन गेम्स में भारतीय टीम में यथार्थ का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के यथार्थ देशवाल ने अपने बेहतरीन कौशल और प्रदर्शन के दम पर छह सदस्यीय भारतीय कबड्डी टीम में जगह बनाते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। उत्तराखण्ड कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश जोशी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि विगत कुछ वर्षों में उत्तराखंड ने कबड्डी के विभिन्न प्रारूपों में अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट ख्याति अर्जित की है। दिनांक 22 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 तक चीन के सान्या में आयोजित किए जा रहे दूसरे बीच एशियन गेम्स में भारत की पुरुष व महिला कबड्डी टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

■ उत्तराखण्ड कबड्डी के लिए स्वर्णिम समय: महेन्द्र जोशी

इसी क्रम में जानकारी देते हुए महेश जोशी ने आगे बताया कि सर्किल स्टाईल कबड्डी में भी उत्तराखण्ड के छह महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन को देखते हुए मलेशिया में आयोजित होने वाली एशियन सर्किल कबड्डी चौंपियनशिप में प्रतिभाग करने हेतु भारत की सर्किल कबड्डी टीम के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर हेतु किया गया है।

# स्टंटबाजी और रफ ड्राइविंग पर पुलिस का चला डंडा, 15 बाइकों को किया सीज

- बिना नंबर प्लेट सड़कों पर फर्राटा भर रहे थे युवक
- ऑपरेशन प्रहार' के तहत पथरी पुलिस की सख्ती से मचा हड़कंप




**शाहटाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत सड़क पर स्टंटबाजी और रफ ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पथरी क्षेत्र में 15 मोटरसाइकिलों को सीज कर दिया।

बिना नंबर प्लेट और हुड़दंग मचाने वाले युवकों पर पुलिस की यह कार्रवाई इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पथरी पुलिस लगातार सघन चेकिंग कर रही है। इसी क्रम में फेरूपुर चौकी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया, जहां पुलिस टीम ने संदिग्ध और नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों को चिन्हित किया गया।

चेकिंग के दौरान कई युवक बिना नंबर प्लेट के बाइक दौड़ाते हुए और सार्वजनिक स्थानों पर स्टंटबाजी करते हुए पाए गए। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए पुलिस ने 15 मोटरसाइकिलों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार और चौकी प्रभारी विपिन कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने स्पष्ट संदेश दिया कि सड़क पर लापरवाही और हुड़दंग अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर चालान के साथ कड़ी वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था या यातायात नियमों से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अब गाड़ी के साथ सीधे हवालात की हवा भी खानी पड़ सकती है।

## पनियाली क्षेत्र के समीप जंगल में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पनियाली क्षेत्र के समीप सड़क के ऊपर जंगल में शनिवार रात को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन रानीखेत की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का आकलन कर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार अग्निशमन कर्मियों ने होज रील के माध्यम से पंपिंग कर आग पर काबू पाने के प्रयास तेज किए। टीम के त्वरित और समन्वित प्रयासों से आग को समय रहते पूरी तरह बुझा दिया गया। इस दौरान आसपास के वन क्षेत्र और संभावित संपत्ति को बड़े नुकसान से बचा लिया गया। स्थानीय लोगों ने फायर सर्विस की तत्परता की सराहना की।

# ऑपरेशन 'प्रहार' में हरिद्वार पुलिस का एक्शन, शांति भंग करने पर 3 गिरफ्तार



- वायरल वीडियो के बाद गाड़ोवाली गांव में पहुंची पुलिस, झगड़ालू तत्वों पर कसा शिकंजा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गांव गाड़ोवाली में ताबड़तोड़ कार्रवाई की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे दो पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन न मानने पर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

पथरी पुलिस लगातार संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वांछित अपराधियों के खिलाफ सघन चे. कंग और दबिश दे रही है। इसी क्रम में 18 अप्रैल को सूचना मिली कि गाड़ोवाली गांव में दो पक्ष आपसी रंजिश के चलते विवाद कर रहे हैं और माहौल बिगाड़ रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन वे झगड़े पर आमादा रहे। स्थिति को गंभीर देखते हुए पुलिस ने शांति भंग की आशंका में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि जाबिर पुत्र जाकिर,अनस पुत्र शेर अली,सुहैल पुत्र गुलशेर निवास. ीगण ग्राम गाड़ोवाली, थाना पथरी को गिरफ्तार कर गांव में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

**हरिद्वार।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन हरिद्वार, टीम ब्लड रिलेशन हरिद्वार, इनर व्हील क्लब तथा भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में थल्ला बोहड़िया वाला, कृष्णा नगर, कनखल (हरिद्वार) में प्रात: 09:00 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।




शिविर में एम्स ऋषिकेश, हिमालयन हॉस्पिटल जॉली ग्रांट एवं मां गंगा ब्लड सेंटर हरिद्वार की टीमों ने सहभागिता की। एम्स ऋषिकेश की टीम में डा. आशीष जैन, डा. मेघा मेहरा, डा. प्रवीण कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे, जबकि मां गंगा ब्लड सेंटर व जॉली ग्रांट की टीमों ने भी सक्रिय सहयोग दिया। आयोजन को सफल बनाने में हिमांशु अरोड़ा, मधुर वासन, अनिल कुमार, विनीत बांगा, गंगा प्रसाद कोठारी, पूजा वालिया, मयंक चौहान, जितेन्द्र सिंह, दर्शन सिंह पंवार, अमर क्रांति, रमेश चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर कुल 193 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। विशेष रूप से 6 नवयुवक-युवतियों ने प्रथम बार रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया, जिनमें निशा धीमान, राहुल, फारुख, सुभाष, काजल एवं अन्नू प्रमुख रहे। अन्य प्रमुख रक्तदाताओं में हिमांशु सैनी, डा. श्याम सिसोदिया, हितेश कटारिया, मंजू वत्स, पिंटू, मारुति धीमान, पंकज अरोड़ा, कुलभूषण घिल्डियाल, मनोज कुमार, सुशील शुक्ला, वीरेन्द्र कुमार, चंद्रकांत बिष्ट, अवधेश पालीवाल, उर्वशी, राजीव भसीन, मनीष शर्मा, दीपक तनेजा, प्रांशु नासवा, अंकित, मनीष सचद. ेवा, आभाष जैन, रजत जैन, अमित चतुर्वेदी, अक्षय पाल, अभिषेक पाल, मुस्कान चौहान, मुदित चौहान, ममता चौहान, दिनेश शर्मा, उत्तम सिंह, महेश चंद, विनोद पोखरियाल, डा. मनोज पांचाल, अशोक कुमार, मनीष कौशिक, विशाल गोयल, अभिषेक कुमार, दीपचंद, शिवम मित्तल, अर्जुन कुमार, कालिका प्रसाद कोठारी, अमित कुमार, शुभम वत्स, हरि शर्मा, गौरी शंकर, पूजा अरोड़ा, मयंक कुमार, गोपाल चौहान, मो. शोएब, दर्शन सिंह पंवार, भविष्य सेमवाल, पूजा वालिया, मुक्ति भसीन, भरत सिंह, वरुण बक्शी, मनीष कुकरेजा, दुर्गेश भाटिया, शिखा भाटिया, लव सचदेवा, अनमोल गोयल, मुकेश गोयल, देवांश, ज्योति, दिवाकर दरगन, सुमित शर्मा, रोहित चौहान, ओजस मित्तल, आयुष त्रिपाठी, पारस शर्मा, विश्वास सक्सेना, नीलम, पुष्पांज. लि, अमन खान, किशन श्रीवास्तव, अमित वालिया, जसपाल सिंह, शालिनी, कमलेश सिंह, सुधांशु, संजय नैथानी, विकास गिरी, अरुण नोटियाल, विकास रस्तोगी, पुष्पराज झाम, अवधेश कुमार, एकता अरोड़ा, हरवीर, पूनम अग्रवाल, पायल गुप्ता, आकाश, सिद्धार्थ, क्षितिज, मृदुल मेहता, अमित त्यागी, सर्वेश कौर, राजीव सैनी, नितिन सैनी, चेतन थरेजा, संजय कुमार, सुमित कुमार, कुलदीप भटनागर, प्रेरणा भटनागर, विपिन सचान, सुभाष, तूलिका, शमीम अहमद, नीति गर्ग, ओमपाल, हिमांशु चौहान, आर्यन, उज्ज्वल चौहान, राकेश कुमार, राजेश मदान, महेश भाटिया, नंदनी मोदी, वासु शर्मा, उषा शर्मा, सौम्या मोदी, ;षभ मोदी, काजल, अन्नू, शैलेश गुप्ता, नेहा दिवान, भानु पांडेय, रमेश पांडे, वसीम खान, हिमांशु अरोड़ा, मोहित भारद्वाज, उ)व मिश्रा, हर्ष शर्मा, दीपक पाल, सुषमा पांडे, भूमिका पांडे, मोहन रावत, गोपालराम सेमवाल, विनेश चौहान, मंजू चौहान, सत्यम अग्रवाल, मुशीर आलम, दिनेश, सावेज खान, सागर, नभ्रम अहमद, अनुज, मयंक चौहान, दिव्या, हिमांशु, मधुर वासन, नीरज सहगल, भुवन नासवा, शिवम शर्मा, अजय अरोड़ा, मानस गोयल, मिनी पुरी, भूमिका, दिमिश चावला, सक्षम अरोड़ा, तुषार मदान, दीपा मदान, नरेश सेमवाल, राघव विश्नोई, अभय कश्यप, रमनजीत सिंह, आशीष शर्मा, सचिन, लक्ष्य टंडन, तौसीफ़ आलम, प्रिया त्रिपाठी, योगेश चौधरी, ईशु गुप्ता, वंश अरोड़ा, शिखा भट्ट, रमेश कुमार, मो. सावेद अली, गंगा प्रसाद, मंजू बालियान, मनोकांत शर्मा, गौरव, ठाठ सिंह, अभिमन्यु आदि शामिल रहे। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय टीमों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्र की एकता अखंडता में संत महापुरुषों का अहम योगदान: महंत नवल किशोर दास



**हरिद्वार।** भारतमाता पुरम स्थित श्री हनुमंत धाम के परमाध्यक्ष महंत नवलकिशोर दास महाराज ने कहा कि राष्ट्र की एकता अखंडता कायम रखने में संत महापुरूषों का अहम योगदान है। आश्रम के वार्षिक समारोह के दौरान श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए महंत नवलकिशोर दास महाराज ने कहा कि संत परंपरा सनातन की संवाहक है। परमार्थ के लिए जीवन समल्पत करने वाले संतों ने समाज को धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर समाज को सांस्कृतिक रूप से एकजुट किया। जिससे राष्ट्र की एकता अखंडता मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि श्री हनुमंत धाम सेवा और संस्कृति का प्रमुख केंद्र है। संतों और श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से आश्रम की सेवा परंपरा का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर महंत दुर्गादास, महंत रघुवीर दास, महंत सूरज दास, महंत बिहारी शरण, महंत राम दास, महंत परमेश्वर दास, महंत गणेश दास, महंत प्रहलाद दास, महंत रामानंद सरस्वती सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## चौथी बार ज्वालापुर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने यशवंत सैनी



**हरिद्वार।** यशवंत सैनी को ज्वालापुर नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल द्वारा जारी की गयी नगर एवं ब्लॉक अध्यक्षों की सूची के अनुसार ज्वालापुर निवासी यशवंत सैनी को ज्वालापुर नगर अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यशवंत सैनी के संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें चौथी बार ज्वालापुर नगर अध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है। यशवंत सैनी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया जाएगा। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यशवंत सैनी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## बीएचईएल टाउनशिप में जनगणना प्रशिक्षण संपन्न



### प्रतिभागियों ने फील्ड में किया अभ्यास

**हरिद्वार।** बीएचईएल टाउनशिप में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान गणना के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया, जिसमें 53 प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने भाग लिया।

प्रशिक्षक डा. शिवा अग्रवाल ने बताया कि तीन दिनों तक प्रतिभागियों को जनगणना के प्रथम चरण की बारीकियों को विस्तार से समझाया गया। इस दौरान उन्हें सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे वे कार्य को प्रभावी ढंग से संपादित कर सकें। उन्होंने बताया कि डिजिटल उपकरणों के उपयोग, डेटा संग्रहण की प्रक्रिया तथा घर-घर सर्वेक्षण की विधियों पर विशेष जोर दिया गया। वहीं प्रशिक्षक रवि कुमार गोस्वामी ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रतिभागियों को फील्ड में ले जाकर अभ्यास कराया गया, जहां उन्होंने जनगणना की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप में अपनाया। इस दौरान मौके पर ही उनकी शंकाओं का समाधान किया गया और कार्य की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अंत में बीएचईएल की ओर से जनगणना नोडल अधिकारी मंगल सिंह मुंडा ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी प्रतिभागी आगामी जनगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी एवं दक्षता के साथ संपन्न करेंगे।

## हवन-पूजन कर मनाई महर्षि परशुराम जयंती

**काशीपुर।** महर्षि परशुराम जयंती पर अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा काशीपुर द्वारा यहां गौतम नगर स्थित एक मंडप में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। हवन-पूजन पं. रमेश भट्ट द्वारा संपन्न कराया गया। तत्पश्चात ब्राह्मण बंधुओं ने भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए भगवान परशुराम को नमन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। भगवान परशुराम ने हमेशा समाज कल्याण का बीड़ा उठाया। वे भगवान शिव के अनन्य भक्त और ब्राह्मण कुल में जन्मे परम योद्धा थे, जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध सदा शस्त्र उठाया। इस दौरान शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, उमेश जोशी, दीपिका गुड़िया आत्रेय, लता शर्मा, शिवम शर्मा, संदीप चतुर्वेदी, मोहन चंद्र पपने, प्रदीप जोशी, विमल गुड़िया, पंकज पंत, भास्कर त्यागी एडवोकेट, हौसला मिश्रा, रजनीश शर्मा, यथार्थ आत्रेय समेत अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा काशीपुर महानगर के पदा. धिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं समस्त ब्राह्मण बंधुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण किया।

## भव्यता के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़े के संयोजन में भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा व भव्यता के साथ मनाया गया। मालवीय घाट पर संतों के सानिध्य में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर अष्ट चिरंजीवी पूजन किया गया। जिसमें भगवान परशुराम सहित अष्ट चिरंजीवियों की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। 51 ब्राह्मणों द्वारा गायत्री मंत्र जाप के माध्यम से कार्यक्रम को वैदिक परंपरा के अनुरूप संपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान श्री अखंड परशुराम अखाड़े के विद्यार्थियों ने शस्त्र-कला का प्रदर्शन किया तथा सेवा कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने बताया कि विधिवत रूप से जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शहर के साथ गांवों में भी भगवान परशुराम का पूजन किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल को भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा हरिद्वार में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम धर्म, न्याय और तेजस्विता के प्रतीक और सभी सनातनियों के गुरु हैं। युवा पीढ़ी को उनके पदचिन्हों पर चलते हुए देश और धर्म के प्रति योगदान करना चाहिए। इस मौके पर स्वामी कार्तिक गिरी, स्वामी भास्कर पुरी, स्वामी विश्वा पुरी, दिनेश बाली, राजकुमार शर्मा, विष्णु शर्मा, रजनीश योगी, दिनेश शर्मा, सुमित कुमार, चमन गिरी, कुलदीप शर्मा, शीतल उपाध्याय, अशोक त्रिपाठी, विष्णु शर्मा, राजीव वशिष्ठ, संजू अग्रवाल, अभि चौहान, सचिन पैन्यूली, जितेंद्र शर्मा, ऋषि शर्मा, लवली चौहान, रुद्राक्ष भट, आदित्य जगुड़ी, कृष्णा गिरी, विशाल गिरी, मनोहर गिरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल रहे।

## कैडर फंड समेत अन्य समस्याओं पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** साधन समिति सचिव परिषद की रविवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के साथ ही सचिवों को ग्रेड-1 में पदोन्नति करवाए जाने की मांग उठाई। हवालबाग में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कार्मिकों को भविष्य निधि पर दिए जा रहे कम ब्याज, जिला सहकारी बैंक के द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कैडर फंड जमा न किये जाने और समितियों के कंप्यूटरीकरण में आ रही परेशानियों पर सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। साथ ही सचिवों को ग्रेड-1 में पदोन्नति करवाए जाने, प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत सचिवों को नियमित करने आदि मांगों को रखा गया। चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो समस्त कार्मिक आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां बैठक में परिषद के अध्यक्ष उमेश चन्द्र जोशी, महामंत्री चन्द्र कांत उप्रेती, योगेश पंत, बृज मोहन जोशी, प्रकाश चन्द्र नैनवाल, राधा बौड़ाई, शोभन सिंह, योगेश पंत, रमेश चन्द्र, दीप चन्द्र, शंकर सिंह, लक्ष्मण सिंह, भगवत सिंह, कैलाश सिंह, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## रामेश्वर आश्रम धाम में किया राम रसोई का शुभारंभ



- भोजन प्रसाद पाकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे श्रद्धालु: स्वामी रामेश्वरानंद
- हरिद्वार में राम रसोई का शुभारंभ संतों की अच्छी पहल:मदन कौशिक

**हरिद्वार।** अक्षय तृतीया के अवसर पर सन्यास रोड स्थित रामेश्वर आश्रम धाम में राम रसोई का शुभारंभ किया ागया। रामेश्वर आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, महानिर्वाणी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद, महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी, स्वामी गिरधर गिरी, महंत देवानंद सरस्वती, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, सांसद प्रतिनिधि अनिल पुरी, गौरव भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर राम रसोई का शुभारंभ किया। राम रसोई के संच. ालक गौरव भारद्वाज ने सभी संतों और अतिथियों का फूलमाला और पटका पहनाकर स्वागत किया। महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि हरिद्वार में देश दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जिस प्रकार अयोध्या में सीता रसोई का संचालन किया जा रहा है। उसी प्रकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरिद्वार में राम रसोई का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि राम रसोम्र में श्रद्धालु भक्तों को पूरे दिन भोजन प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि राम रसोई का शुभारंभ संतों की अच्छी पहल है। इससे हरिद्वार में आने वाले श्रद्धालु भक्तों को लाभ मिलेगा।

स्वामी विशोकानंद ने कहा कि संतों द्वारा समाज हित में किए गए कार्य हमेशा सफल होते हैं। भक्तों को राम रसोई का प्रसाद ग्रहण करने का लाभ मिलेगा। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि हरिद्वार भगवान शिव की नगरी है। विभिन्न स्नान पर्वो, चारधाम यात्रा और कांवड़ मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राम रसोई का शुभारंभ कर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर धनंजय, राहुल, अमित, सचिन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# पदार्था गांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

### एलएम हॉस्पिटल की पहल ग्रामीणों को घर के पास मिली जांच व परामर्श सुविधा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद पदार्था में भारतीय मूल संस्कृति चेतना मिशन ट्रस्ट द्वारा संचालित एलएम हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।



शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, बुखार, कमजोरी, जोड़ों के दर्द सहित महिलाओं से संबंधित समस्याओं की जांच की गई। जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं और गंभीर रोगों के लिए आगे उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। एमबीबीएस चिकित्सक डा. शमा ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि समय-समय पर जांच कराना आवश्यक है और किसी भी बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। वहीं बीएएमएस चिकित्सक डा. आसिफ ने भी लोगों को संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। अस्पताल प्रबंधन से जुड़े डा. जाती राम ने बताया कि भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। ट्रस्ट के संस्थापक लंकेश्वर बाबा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। गरीब और जरूरतमंद लोगों को समय पर सही उपचार मिल सके, यही उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें अपने गांव में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल जाती हैं। इस अवसर पर भारतीय मूलसंस्कृति चेतना मिशन ट्रस्ट के सचिव अब्दुल हफीज , शेरखान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा-कैंटर में टक्कर में रिक्शा चालक गंभीर

**काशीपुर।** सरवरखेड़ा क्षेत्र में आज हुए सड़क हादसे में ई-रिक्शा व कैंटर की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, जाकिर पुत्र जफरा निवासी सरवरखेड़ा ई-रिक्शा से ठाकुरद्वारा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सूर्य रोशनी के सामने पहुंचा, तभी कैंटर चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया, जिससे सामने से आ रही ई-रिक्शा कैंटर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और चालक जाकिर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही सूर्या चौकी प्रभारी गणेश दत्त भट्ट व उपनिरीक्षक रवीश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को वाहन से बाहर निकालकर अपने निजी वाहन से सरवरखेड़ा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# सार्वजनिक आयोजनों में शराब परोस ने पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

**अखोड़ी ग्राम पंचायत में महिला मंगल दल की पहल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** क्यूंजा घाटी की ग्राम पंचायत अखोडी में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल सामने आई है। यहां आयोजित महिला मंगल दल की बैठक में गांव को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता महिला मंगल दल की अध्यक्ष अनीता देवी ने की, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

बैठक में सामाजिक वातावरण को बेहतर बनाने और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गांव में होने वाले किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम, सामाजिक आयोजन या समारोह में शराब परोसने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। महिलाओं ने कहा कि शराब की वजह से परिवारों में कलह, आर्थिक संकट और सामाजिक असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए यह कदम जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई इस निर्णय का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सामूहिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के बाद महिला मंगल दल के नेतृत्व में गांव में जन-जागरूकता रैली भी निक. ाली गई। रैली के दौरान "नशा छोड़ो, समाज जोड़ो" और "स्वस्थ गांव, खुशहाल परिवार" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।



इस पहल को जिला पंचायत सदस्य अजयवीर भण्डारी और सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर सिंह नेगी ने समर्थन देते हुए महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। महिला मंगल दल की सचिव सुषमा देवी ने कहा कि महिलाओं की एकजुटता से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज निर्माण में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम में पूर्व प्रधान रेखा देवी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रशिम देवी, कोषाध्यक्ष अनीता देवी सहित ममता देवी, मीना देवी, उषा देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, प्रेमदेई देवी, शांति देवी, प्रेमलता देवी और गुड्डी देवी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

ग्राम पंचायत अखोडी में लिया गया यह निर्णय न केवल क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि अन्य गांवों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकता है।

## लंबित मुकदमाती मालों का करें निस्तारण: एसएसपी

**नई टिहरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी श्वेता चौबे के निर्देशन में जनपद पुलिस की ओर से मालऽानों में लंबे समय से लंबित मुकदमाती माल के निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नई टिहरी पुलिस ने महत्वपूर्ण कार्रवाई की है।

एसएसपी ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मालगृहों में लंबित पड़े मुक. दमाती माल का नियमानुसार त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभिलेऽों का समुचित संधरण हो सके और मालऽानों पर अनावश्यक भार कम किया जा सके। इसी क्रम में थाना स्तर पर गहन परीक्षण के बाद छह मुकदमाती मालों को निस्तारण के लिए चिन्हित किया गया। इसके लिए न्यायालय से आवश्यक पत्राचार किया गया और आदेश प्राप्त होने के उपरांत बीते शनिवार को सभी विध्कि औपचारिकताओं का पालन करते हुए उक्त मालों का विध्सिम्मत नष्टकरण किया गया। इस कार्रवाई से मालगृह में लंबित सामग्री का बोझ कम होने के साथ-साथ रिकार्ड प्रबंधन में पारदर्शिता और सुव्यवस्था सुनिश्चित हुई है। पुलिस अध्किारियों का कहना है कि जनपद टिहरी में इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# अधिकारियों को मिला डिजिटल जनगणना का प्रशिक्षण

**रुद्रप्रयाग में जनगणना 2027 की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के तहसील सभागार में आयोजित जनगणना 2027 की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यशाला में जनगणना कार्य से जुड़े प्रगणन अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रियाओं, नियमों और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराए जाने के कारण प्रशिक्षण में ऑनलाइन प्रणाली, डेटा एंट्री, मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग और तकनीकी सावधानियों पर विशेष जोर दिया गया।




समापन अवसर पर जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभाग किया और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसकी सटीकता और पारदर्शिता देश की नीतियों और योजनाओं के निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया में डिजिटल प्लेटफॉर्म को प्रमुखता दी गई है, जिसके चलते इस प्रकार का प्रशिक्षण आवश्यक हो गया था, ताकि अधिकारी नई तकनीकों को समझकर कार्य को सुचारू रूप से संपादित कर सकें।

फील्ड मास्टर ट्रेनर जसपाल सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना से जुड़े सभी तकनीकी बिंदुओं, डेटा संग्रहण की विधियों तथा संभावित समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों का परीक्षण भी कराया गया, जिससे उनकी तैयारी का आकलन किया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लाखामंडल में विसु महोत्सव धूमधाम से संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थल लाखामंडल में इस वर्ष भी विसु महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। एकता फिल्म के निद. ेशक बाबूराम शर्मा और अनुज शर्मा के संयोजन में आयोजित इस महोत्सव ने क्षेत्रीय संस्कृति, आस्था और मनोरंजन का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध शिव मंदिर लाखामंडल में धार्मिक अनुष्ठानों से हुई, जहां इंडियन आइडल फेम और बॉलीवुड गायिका प्रियंका नेगी ने पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद मंचीय कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने देर शाम तक दर्शकों को बांधे रखा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण रही प्रियंका नेगी की प्रस्तुति, जिन्होंने



महासू देवता की वंदना को सुरों में पिरोकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके अलावा सनी दयाल, सुरेंद्र राणा, अंकित सेमवाल, रोहित मोडका सहित कई चर्चित कलाक. ारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांधा और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने महोत्सव में भाग लेकर इसे सफल बनाया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बचना शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। विसु महोत्सव ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि लाखामंडल केवल ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आयोजनों का भी प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

# राजधानी दिल्ली में झलकी जौनसार-बावर की संस्कृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार-बावर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत ने एक बार फिर देश की राजधानी नई दिल्ली में अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई। चकराता तहसील के ठाणा गांव निवासी आकांक्षा चौहान, पुत्री गुलाब सिंह, ने अपने विवाह उपरांत आयोजित रिसेप्शन समारोह में पारंपरिक वेशभूषा धारण कर न केवल सभी का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि अपनी संस्कृति के प्रति गहरा जुड़ाव भी प्रदर्शित किया।

विशेष बात यह रही कि आकांक्षा का विवाह जौनसारी समुदाय के बजाय गढ़वाल समाज में हुआ, इसके बावजूद उन्होंने अपनी सांस्कृतिक पहचान को न केवल बनाए रखा बल्कि उसे गर्व के साथ प्रस्तुत भी किया। यह पहल सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक आत्मगौरव का सुंदर



**आकांक्षा ने पारंपरिक वेशभूषा से जीता दिल**

उदाहरण बनकर उभरी। आकांक्षा का विवाह टिहरी गढ़वाल जनपद के कमान क्षेत्र स्थित सांकरी गांव निवासी जितमणि सिलसवाल के साथ संपन्न हुआ। वर्तमान में परिवार का निवास नई दिल्ली के द्वारका सेक्टर-6 में है, जहां एक निजी वेडिंग पॉइंट पर भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया गया। महानगरीय परिवेश और आधुनिक जीवनशैली के बीच आयोजित इस समारोह में पारंपरिकता और आधुनिकता का अनूठा संगम देखने को मिला।

आज के दौर में जहां अधिकांश लोग ऐसे आयोजनों में आधुनिक और पश्चिमी परिधान को प्राथमिकता देते हैं, वहीं आकांक्षा ने जौनसार-बावर की पारंपरिक वेशभूषाकृघाघरा, जघा और धाटूकृधारण कर अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया। उनका यह पारंपरिक रूप न केवल आकर्षण का केंद्र बना, बल्कि समारोह में उपस्थित लोगों के बीच चर्चा का विषय भी रहा। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने आकांक्षा के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास हमारी लोकसंस्कृति को जीवित रखने और उसे व्यापक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आकांक्षा का यह प्रयास जौनसार-बावर की समृद्ध परंपराओं को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## अक्षय तृतीया पर्व पर इक्षु रस वितरण

**विकासनगर।** अक्षय तृतीया पर्व के पावन अवसर पर आज श्री दिगंबर जैन समाज (पंजी.) विकासनगर के तत्वाधान में जैन मंदिर गली के सामने मुख्य मार्ग पर 'इक्षु रस (गन्ने का रस) वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों को गन्ने के रस का वितरण किया गया।

जैन समाज के अध्यक्ष विपिन कुमार जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया का जैन धर्म में विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने 1 वर्ष निराहार तप किया क्योंकि उस समय लोगों को मुनिराज को आहार देने की विधि ज्ञात नहीं थी। तब हस्तिनापुर में राजा श्रेयांश ने भगवान को वैशाख शुक्ल तृतीया को इक्षु रस (गन्ने का रस) से विधिपूर्वक आहार कराया। इसलिए यह दिन जैन अनुयायियों के लिए एक उत्सव का दिवस है।

# पूर्व मंत्री धनाई ने ग्रामीणों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** पूर्व मंत्री दिनेश सिंह ध्नाई ने अपने जन-संवाद कार्यक्रम के तहत पट्टी मऽलोगी की ग्राम पंचायत छाती और नकोट का दौरा कर ग्रामीणों से सीध संवाद किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रा की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके समाधन का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मेरी गणना, मेरा गांव अभियान के तहत अपने गांव में गणना कराने की अपील भी की।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में ध्नाई ने टिहरी विधनसभा के विकासऽंड चंबा के अंतर्गत छाती और नकोट गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं जानीं। ग्राम प्रधन छाती सुनील चौहान, तुंगोली के प्रधन रविंद्र सिंह रावत और पफैगुल के प्रधन चतर सिंह ध्नोला ने पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी समस्याओं को प्रमुऽता से उठाया। ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का उल्लेऽ करते हुए बताया कि घंटाकारण पेयजल योजना, सुरकंडा पंपिंग पेयजल योजना, बीएससी नर्सिंग कालेज, होटल मैनेजमेंट संस्थान, आईटीआई नकोट और पालिटेक्निक कालेज जाऽणीधर जैसे प्रोजेक्ट क्षेत्रा के लिए मील का पत्थर साबित हुए हैं। साथ ही टिहरी झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर सैकड़ों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध् कराए गए। इस दौरान ग्रामीणों ने ध्नाई का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर क्षेपं सदस्य राहुल कुठी, देवी सिंह रावत, पूर्व क्षेपं सदस्य भूपेंद्र ध्नोला, मकान सिंह ध्नोला, गोपाल सिंह रावत, पूर्व सैनिक कृष्णा महंगाई, भरत सिंह रावत, श्याम सिंह कुठी, राजेंद्र ध्नोला, भैरव दत्त बडोनी, अजय चौहान, लाल सिंह चौहान, हिकमत सिंह रावत, मनजीत चौहान, शोभा रावत, रमेश ध्नोला, मोर सिंह ध्नोला आदि मौजूद रहे।

# चालदा महासू महाराज के स्वागत की तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार-बावर क्षेत्र में आस्था के केंद्र श्री चालदा महासू महाराज के प्रस्तावित आगमन को लेकर खत कोरू में धार्मिक उत्साह चरम पर है। देव परंपरा के तहत डोरिया महाराज को विधि-विधान से लाने के लिए खत कोरू के प्रति. निधि दोहा गांव पहुंच गए हैं, जहां उनका पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार, डोरिया महाराज को 20 अप्रैल को दोहा से कचटा गांव स्थित नव-निर्मित मंदिर परिसर के लिए रवाना किया जाएगा। इस दौरान खत सैली सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। खत कोरू के विभिन्न गांवों के स्याना (परंपरागत मुखिया) और गणमान्य लोग पारंपरिक वेशभूषा में पहले कचटा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना करेंगे, जिसके बाद विधिवत यात्रा दोहा के लिए प्रारंभ की गई। जौनसार क्षेत्र



**डोरिया लाने दोहा पहुंचे खत कोरू के श्रद्धालु**

की प्राचीन परंपरा के अनुसार, देवता के आगमन से पूर्व डोरिया को उनके मूल थान (मुख्य स्थल) से लाकर देवठान में प्रतिष्ठित किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए यह धार्मिक यात्रा आयोजित की जा रही है।

20 अप्रैल को कचटा गांव में डोरिया महाराज के स्वागत के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें उन 12 खतों के स्याना और वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया गया है, जहां चालदा महासू महाराज का प्रवास होता है। इस अवसर पर सभी प्रतिनिधियों का सम्मान भी किया जाएगा। बताया जा रहा है कि 7 मई 2026 को चालदा महासू महाराज का कचटा मंदिर में भव्य आगमन होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र में विशाल धार्मिक समागम की संभावना है। स्थानीय अनुमान के अनुसार, इस दौरान 30 से 40 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है, जिससे पूरे खत कोरू क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उत्सव का माहौल बनेगा।

## ब्लाक व शहर कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी

**नई टिहरी:** उत्तराऽंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने ब्लाक व शहर कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की नियुक्ति सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में टिहरी जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत विभिन्न संगठनात्मक ब्लाकों में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी के अध्यक्ष मुरारी लाल ऽंडवाल ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व की ओर से जारी सूची में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी नव नियुक्त ब्लाक व शहर अध्यक्षों को बधई व शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। सूची में कई अध्यक्षों को दोबारा मौका दिया गया है, वहीं कार्यकारी अध्यक्षों को भी पूर्ण अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही दो नए चेहरों को पहली बार अध्यक्ष बनने का अवसर मिला है।

## एक नजर .......

### सिविल जज व न्यायिक मजिस्ट्रेट के विदाई समारोह का आयोजन

**विकासनगर।** बार एसोसिएशन विकासनगर में रवि शंकर मिश्रा (जज, सिविल जज सीनियर डिवीजन, विकासनगर) एवं विकास कुमार (जज, न्यायिक मजिस्ट्रेट, विकासनगर) के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में एक विदाई समारोह का आयोजन न्यायालय परिसर ढकरानी में आयोजित किया गया। विदाई समारोह के कार्यक्रम में दोनों न्यायिक अधिकारी के कार्यकाल के प्रशंसा की गई तथा दोनों न्यायिक अधिकारी ने भी अधिवक्ताओं के सहयोग की प्रशंसा की। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष संजय गुप्ता, सचिव मयंक, गोविंद पुंडीर, सुमन लता, शायरी गैरोला, सुरेंद्र मित्तल, विवेक गुप्ता, मनोज शर्मा, रविंद्र लावणी, भारत, मूर्ति गुप्ता आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### परशुराम जयंती पर बोहरी गांव मंदिर में किया हवन यज्ञ

**सहिया।** कालसी ब्लाक अंतर्गत बोहरी गाँव में स्थित प्राचीन परशुराम मन्दिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर रविवार को देव पुजारी ने हवन यज्ञ किया। इससे पूर्व शनिवार 18 अप्रैल को देव चिन्ह व भगवान परशुराम और माता रेणुका की मूर्तियों को रेणुका स्नान के लिए ले जाया गया। स्नान के पश्चात देव चिन्ह देव मूर्तियों को मंदिर के गर्भ ग्रह में स्थापित किया गया वही 19 अप्रैल रविवार को मंदिर के देव पुजारी गुलाब सिंह, किशन सिंह द्वारा हवन यज्ञ कर सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। परशुराम जयंती के अवसर पर वजीर रण सिंह, भंडारी खजान सिंह, देवमाली संजय वर्मा, देवमाली राक. ेश छेत्री, अजय, आशीष, हर्षित, नितेश चौहान, सचिन चौहान गंभीर वर्मा, संतोष वर्मा, राहुल वर्मा सहित दिल्ली, लखनऊ, देहरादून,पंजाब हरियाणा से आये श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

### जडधर में मांगलिक कार्यों में शराब पर लगा प्रतिबंध

**नई टिहरी।** चंबा क्षेत्रा के ग्राम पंचायत जगधर में आयोजित आम बैठक में ग्रामवासियों ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गांव में सभी मांगलिक कार्यों में मदिरा के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध् लगाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधन अर्चना कोठारी और क्षेपं सदस्य सुशील कुमार बहुगुणा ने की। रविवार को आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि शादी या अन्य मांगलिक कार्यक्रम में शराब पूरी तरह वर्जित रहेगी। यदि कोई व्यक्ति बाहरी रूप से भी शराब का सेवन कर ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होता है, तो उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। साथ ही किसी परिवार की ओर से कार्यक्रम में शराब परोसी जाती है, तो उस पर 11,000 रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा और पूरे गांव की ओर से उसका बहिष्कार किया जाएगा।

इस प्रस्ताव का सभी ग्रामवासियों ने समर्थन करते हुए शपथ ली कि वे अपने गांव को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिब( रहेंगे। क्षेपं सदस्य सुशील कुमार बहुगुणा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्रत में आ रही है, जिसे रोकने के लिए समाज को स्वयं आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि यदि हर गांव इस तरह की पहल करे, तो समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित होगा। ग्राम प्रधन अर्चना कोठारी ने कहा कि नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकना बेहद आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे न केवल स्वयं नशा छोड़ें, बल्कि दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि गांव का माहौल शांतिपूर्ण और संस्कारित बना रहे। इस मौके पर शांति कोठारी, टीकाराम कोठारी, विनोद कोठारी, कृष्णा कोठारी, अंजू कोठारी, उर्मिला कोठारी, सुरज कोठारी, ओम प्रकाश कोठारी, प्रदीप कोठारी, मनोज कोठारी, सुशील कोठारी, पिंकी कोठारी, खिलानंद कोठारी, अंजू कोठारी, सावित्री कोठारी, राकेश कोठारी आदि मौजूद रहे।

## 165 मरीजों ने चिकित्सा शिविर का उठाया लाभ

**विकासनगर।** ग्रामीण क्षेत्र विकासनगर के अंतर्गत लक्ष्मीपुर स्थित द इंडियन फ्लावर्स स्कूल में भाजपा ओबीसी मोर्चा, देहरादून ग्रामीण के सौजन्य से एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया। यह शि. विर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य के जन्मदिन पर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका हरबर्टपुर अध्यक्ष नीरू देवी, डॉ. रवि कंसल, वीरता गुरुग (जिला अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण), एडवोकेट गुरुमेल सिंह राठौड़ (जिला महामंत्री, ओबीसी मोर्चा), रीना डोगरा (प्रधान, ग्राम पंचायत जमनखाता) एवं शीला राठौड़ (प्रधानाचार्य, द इंडियन फ्लावर्स स्कूल) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। चिकित्सा शिविर में सुभारती अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर, डॉ. प्रद्युमन सिंह, डॉ. संघमित्रा, डॉ. सोनम सिंह एवं डॉ. मोहम्मद शाहनवाज शामिल रहे।

# यूपी सरकार के समय स्वीकृत सड़क आज भी अधूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** अभिभाजित उत्तर प्रदेश सरकार के समय स्वीकृत कणसिल-जाबरी 2.6 किमी सड़क आज भी अधूरी पड़ी है। राज्य गठन के करीब 26 साल बाद भी निर्माण कार्य पूरा न होने से न केवल आम आवाजाही प्रभावित है, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी ठप हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद शासन-प्रशासन ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई, जिससे इलाके में भारी नाराजगी है। दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) बजट की कमी का हवाला दे रहा है।

अगस्त्यमुनि ब्लॉक के कणसिल से जाबरी तक स्वीकृत इस सड़क का निर्माण अधूरा होने के कारण परिवहन विभाग से इसे संचालन की अनुमति नहीं मिल पा रही है। नतीजतन, इस मार्ग पर बस सेवा शुरू नहीं हो सकी है। स्थिति इतनी खराब है कि आपातकालीन



**सड़क निर्माण पूरा न होने से परिवहन विभाग से नहीं मिल रही अनुमति ■ आपातकाल में 108 एंबुलेंस भी आने से कर देती है माना**

स्थिति में 108 एंबुलेंस सेवा भी यहां आने से मना कर देती है, जिससे मरीजों को भारी जोखिम उठाना पड़ता है।

स्थानीय निवासी गोपाल राम भट्ट, शांति भट्ट, अनूप भट्ट और अनिल नेगी का कहना है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय सड़क निर्माण के वादे करते हैं, लेकिन बाद में कोई सुध नहीं लेता। उन्होंने बताया कि ग्रामीण पिछले 28 वर्षों से सड़क के पूर्ण निर्माण की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। राज्य गठन के बाद जाबरी से कांदी और किंझाणी तक सड़क स्वीकृत हुई, लेकिन यह परियोजना भी अधूरी ही है। जाबरी से कांदी और बाड़ब तक लगभग 10 किमी सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) रुद्रप्रयाग द्वारा किया गया, जबकि बाड़ब से किंझाणी तक करीब 4.5 किमी सड़क लोनिवि ऊखीमठ ने बनाई। इसके बावजूद पूरी कनेक्टिविटी आज तक नहीं बन सकी है। ग्रामीणों को आज भी जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है।

परिवहन विभाग और संबंधित एजेंसियों के संयुक्त सर्वे में सड़क निर्माण में कई गंभीर खामियां सामने आई हैं। इनमें काजवे का अभाव, सड़क किनारे नालियों का निर्माण न होना, कई जगहों पर सड़क की चौड़ाई मानकों से कम होना, पुश्तों का निर्माण न होना और डामरीकरण अधूरा रहना शामिल है। इन खामियों के चलते सड़क को अब तक संच. ालन की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। अप्रैल 2025 में पीएमजीएसवाई ने इस अधूरी सड़क को वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) के तहत लो. निवि ऊखीमठ को हस्तांतरित कर दिया। लोनिवि ऊखीमठ के अधिशासी अभियंता राकेश नैथानी ने बताया कि सड़क के सुधारीकरण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है और बजट मिलते ही कार्य पूरा किया जाएगा।

इधर, ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें आश्वासनों पर भरोसा नहीं रहा। उनका स्पष्ट कहना है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण पूरा नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

# बर्खास्त कांस्टेबल को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

## कोविड के दौरान महिला से दुर्व्यवहार के आरोप में बर्खास्तगी आदेश रद्द

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने कोविड महामारी के दौरान महिला से दुर्व्यवहार के आरोपी एक कांस्टेबल की बर्खास्तगी को अवैध करार देते उसे रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि बिना विभागीय जांच और सुनवाई का अवसर दिए सेवा से नहीं हटाया जा सकता। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता जगदीशनाथ को वर्ष 2012 में उत्तराखंड पुलिस में कांस्टेबल के पद पर नियुक्त किया गया था। ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 24 मई 2020 को उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। कांस्टेबल पर आरोप था कि कोविड -19 लॉकडाउन के दौरान पुलभट्टा (किच्छा) स्थित सूरजमल इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए क्वारंटाइन सेंटर में ड्यूटी के दौरान उसने एक महिला के साथ दुर्व्यवहार किया। चिकित्सा जांच में उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि होने का भी उल्लेख बर्खास्तगी आदेश में किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से



दलील दी गई कि कथित घटना और बर्खास्तगी आदेश दोनों एक ही दिन 24 मई 2020 को पारित किए गये। आगे कहा गया कि न तो कोई विभागीय जांच कराई गई और न ही उसे अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। इसे संविधान के अनुच्छेद 311 (1) और उत्तर प्रदेश पुलिस अधीनस्थ अधिकारी (दंड एवं अपील) नियम 1991 का उल्लंघन बताया गया। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि बर्खास्तगी का निर्णय सितारगंज के सर्किल अधिक. ारी की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया था हालांकि कोर्ट ने पाया कि उक्त अधिकारी को विधिवत जांच अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया था और उन्होंने केवल घटना की सूचना दी थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि नियम 8 (2)(ख) के तहत विभागीय जांच से छूट केवल असाधारण परिस्थितियों में ही दी जा सकती है जबकि इस मामले में ऐसा कोई ठोस कारण दर्ज नहीं किया गया। कोर्ट ने इसे नियमों का मनमाना प्रयोग करार दिया। कोर्ट ने अपने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय के यूनियन ऑफ इंडिया बनाम तुलसी राम पटेल (1985) मामले का हवाला देते हुए कहा कि जांच से छूट देने के लिए स्पष्ट और ठोस कारण होना आवश्यक है केवल नियमों की भाषा दोहराना पर्याप्त नहीं है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ ने बर्खास्तगी आदेश एवं अपीलीय आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता को सेवा में निरंतरता के साथ बहाल करने के निर्देश दे दिए। कोर्ट ने बकाया वेतन का 50 प्रतिशत भुगतान करने का आदेश भी दिया साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि विभाग चाहे तो नियमानुसार पुनः विभागीय जांच शुरू कर सकता है।

### डीईओ पिथौरागढ़ तरुण पंत को अवमानना नोटिस

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिछले आदेश का अनुपालन नहीं करने के मामले मे पिथौरागढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी तरुण पंत को अवमानना नोटिस जारी किया है। बता दें याचिकाकर्ता रीना रानी की अवमानना याचिका पर न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने ये निर्देश जारी किए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि न्यायालय ने 23 दिसंबर 2025 को एक आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को सेवा में बहाल करने तथा सभी लाभ देने के निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि आदेश की ई-प्रमाणित प्रति 12 जनवरी 2026 को संबंधित अधिकारी को मुहैया करा दी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अदालत ने इसे कोर्ट के आद. ेश का उल्लंघन मानते हुए डीईओ को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न आपके खिलाफ अवमानना कार्रवाई अमल में लाई जाए। अदालत ने उन्हें आगामी 11 मई को वर्चुअल माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से आगे की कार्यवाही के लिए एक सप्ताह का समय मांगा जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। मामले की अगली सुनवाई अब 11 मई सोमवार को निर्धारित की गई है।

## 17 हजार कनेक्शन, डेढ़ महीने में 17 हजार को ही मिले सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** इंडेन गैस वितरण व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। करीब 17 हजार घरेलू गैस कनेकशन होने के बावजूद बीते डेढ़ महीने में महज 13 हजार उपभोक्ताओं को ही गैस सिलेंडर मिल पाए हैं। इससे हजारों उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी इंतजार करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नैनीताल शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इंडेन गैस के लगभग 17 हजार उपभोक्ता हैं। पर्वत गैस एजेंसी से मिले आंकड़ों के मुताबिक मार्च से लेकर 15 अप्रैल तक एजेंसी सिर्फ करीब 13 हजार सिलिंडर ही वितरित कर पाई है। एजेंसी की मैनेजर अंकिता पांडे ने बताया कि मार्च माह में एजेंसी को 9 हजार 711 घरेलू गैस सिलिंडर प्राप्त हुएए जिनमें से 9 हजार 677 सिलेंडर वितरित कर दिए गए वहीं अप्रैल में 15 तारीख तक 3 हजार 375 सिलिंडर मिले जिनमें से 3322 उपभोक्ताओं को दे दिए गए हैं। इसके बावजूद 3 हजार से अधिक उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्हें बुकिंग के बाद भी गैस नहीं मिल सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिलिंडर बुक कराने के बाद कई.कई दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई बार तो उपभोक्ताओं को वैकल्पिक और महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। एजेंसी मैनेजर का कहना है कि मांग के मुकाबले सिलिंडरों की आपूर्ति कम होने से बुकिंग लंबित चल रही है। हालांकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। फिलहाल बढ़ती मांग और सीमित आपूर्ति के बीच उपभोक्ताओं की परेशानी कम होती नजर नहीं आ रही है। दूसरी ओर मामले में उप जिलाधिकारी नवा. जिश खलिक ने बताया कि नियमों के तहत रोस्टर बनाकर गैस वितरण करवाया जा रहा है। एजेंसियों से लगातार रिपोर्ट ली जा रही है।

## एक नजर

### अग्नि सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण किया

**नैनीताल।** उत्तरी गौला वन क्षेत्र नथुवाखान रेंज के रेंजर विजय चंद्र भट्ट ने नेतृत्व में शनिवार को अनर्पा एवं बीट दड़माने में अग्नि सुरक्षा के तहद चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमें रेंजर भट्ट ने वन कर्मियों को कहा सभी अधूरे कार्यों को जल्दी से जल्दी पूरा करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा फायर लाइन को साफ रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को अग्नि सुरक्षा के इंतजाम एवं सावधानीए सहयोग बरतने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा लाइन साफ करने के साथ साथ विशेष गश्त भी की गई। इस दौरान बीट अधिकारी अभय कुमार, मनोज कैड़ा तथा संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जनकल्याणकारी नितियों को किया प्रचार

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य के नेतृत्व में भाजपाईयों ने रविवार को नैनीताल विधानसभा के तहत कोटाबाग पर्वतीय क्षेत्र के तहत पड़ने वाले ग्राम सौड़, घुगघु, सिंगड़ी, पंगूट, वासी आदि कई गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के कई वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पार्टी की मजबूती पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर भूपाल सिंह, पूरन अरोड़ा, आनंद सिंह, खीम सिंह, पूरन सिंह, प्रताप सिंह, आनंद सिंह बिष्ट, लाल सिंह बिष्ट समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।

### नीलांजलि ने लिया पौधरोपण करने का संकल्प

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के तहत पौधारोपण अभियान को विवाह समारोह से जोड़ते हुए पिथौरागढ़ में भूपाल सिंह चुफाल व पदमा चुफाल की पुत्री नीलांजलि ने महिला संगीत के अवसर पर एक पौधा धरती मां के नाम के तहत माता पिता की उपस्थिति में पौधा रोपण किया। नीलांजली ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगे। भूपाल चू ाल ने कहा कि अब वह इस पौधे का संरक्षण पुत्री समझ कर करेंगे। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र वल्दिया, जेपी वर्मा, के एस अधिकारी, नीरज जोशी, चंद्र मोहन सिंह बिष्ट सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### डिस्ट्रिक्ट बार ने 24 रनों से की जीत दर्ज

**नैनीताल।** हाईकोर्ट स्पोर्ट्स आफिशियल क्लब के सहयोग से नैनीताल में रविवार को शुरु हुई ज्यूडीशियल कप क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत में डिस्ट्रिट बार ने लोनिवि को 24 रनों से पराजित कर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। इससे पूर्व टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय डिस्ट्रिक्ट बार के पक्ष में गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डिस्ट्रिक्ट बार की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 149 रन बनाए। टीम की ओर से प्रदीप मणि त्रिपाठी ने 40 गेंदों में 58 रनों की आकर्षक पारी खेली जबकि पंकज सिंह बोरा गंगा ने 29 गेंदों में 45 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोनिवि नैनीताल की टीम 125 रनों पर सिमट गई टीम की ओर से यशवंत ने सर्वाधिक 38 एवं राकेश ने 23 रन बनाए जबकि डिस्ट्रिक्ट बार की ओर से प्रदीप मणि त्रिपाठी, पंकज सिंह बोरा, गंगा, अशोक मौलेखी एवं दीपक ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। मैच के दौरान मुख्य अतिथि सासंद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत एवं भुवन आर्या उपस्थित रहे। मैच के दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट एवं सचिव संजय सुयाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता के आयोजक सचिव जेके लखेड़ा ने सभी का स्वागत किया।

### टैक्सी बाइकों पर पुलिस का शिकंजा

**नैनीताल।** नैनीताल शहर में नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रही टैक्सी बाइकों के खिलाफ पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान 80 से अधिक चालान कर कार्रवाई की गई। रविवार को मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने एसएसआई दिनेश जोशी के नेतृत्व में 31 चालान किए वहीं तल्लीताल पुलिस ने एसओ मनोज नयाल के नेतृत्व में 32 चालान किए। इसके अलावा यातायात पुलिस और सीपीयू ने टीएसआई हरीश फर्त्याल के नेतृत्व में 28 चालान किए। पुलिस के अनुसार शहर में टैक्सी बाइकों द्वारा नियमों की अनदेखी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई।

### बिना डीएल पर्यटक को स्कूटी देना पड़ा भारी

**नैनीताल।** नैनीताल में नियमों को ताक पर रखकर पर्यटकों को स्कूटी किराए पर देना एक संचालक को भारी पड़ गया। बिना ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) के पर्यटक को स्कूटी देने पर पुलिस ने वाहन सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार नोएडा निवासी पर्यटक सौरभ कुमार रविवार को घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे थे। उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने के बावजूद टैक्सी बाइक संचालक ने उन्हें टैक्सी स्कूटी किराए पर दे दी। जबकि नियमों के अनुसार बिना डीएल किसी को वाहन देना और टैक्सी स्कूटी को इस तरह किराए पर देना दोनों ही नियम विरुद्ध है। रविवार को माल रोड पर चेकिंग के दौरान टीएसआई ने स्कूटी सवार युवकों को रोका और डीएल मांगा। जांच में युवकों के पास लाइसेंस नहीं मिला जिस पर स्कूटी को कब्जे में ले लिया गया।

## होटलकर्मी से 45 हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** साइबर ठगों ने फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर एक होटलकर्मी को झांसे में लेकर 45 हजार रुपये की ठगी कर दी। पीड़ित युवक ने तल्लीताल थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा निवासी हिमांशु नैनीताल के एक होटल में कार्यरत हैं जबकि उसका भाई दुबई में नौकरी करता है। रविवार की सुबह हिमांशु को उसके भाई के नाम से फेसबुक आईडी से मैसेज मिला जिसमें घर आने की बात कहते हुए पांच हजार रुपये की मांग की गई। भाई समझकर युवक ने दिए गए नंबर पर तुरंत पांच हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद मैसेज आया कि उसे पुलिस ने पकड़ लिया है और आगे की बात पुलिस करेगी। कुछ देर बाद व्हाट्सएप पर एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए 20 हजार रुपये की मांग की। युवक ने डर के चलते रकम भेज दी। ठगों ने दोबारा 20 हजार रुपये और मांगे जो उसने फिर भेज दिए। लगातार पैसे मांगने पर युवक को शक हुआ और उसने अपने भाई के दूसरे नंबर पर कॉल कर सत्यता जानी। भाई से बातचीत में ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित ने तल्लीताल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि मामले की शिकायत साइबर सेल को भेज दी गई है और जांच की जा रही है।

## गर्मी बढ़ते ही जू में बदली व्यवस्थाएं, वन्यजीवों की डाइट में भी बदलाव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अप्रैल माह में तापमान बढ़ने के साथ ही जीबी पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान में वन्यजीवों के लिए व्यवस्थाएं बदल दी गई हैं। जू प्रबंधन ने गर्मी से राहत देने के लिए खानपान से लेकर बाड़ों तक में कई बदलाव किए हैं। प्राणी उद्यान के वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल टम्टा ने बताया कि तेज धूप और बढ़ती गर्मी को देखते हुए सर्दियों में दी जा रही अतिरिक्त डाइट को कम कर दिया गया है। भालू को दिया जाने वाला शहद और गुड़ बंद कर दिया गया है जबकि कैट फैमिली के जानवरों को मिलने वाले प्रोटीन युक्त मांस की मात्रा घटाई गई है। पक्षियों को भी अब अतिरिक्त अंडे नहीं दिए जा रहे हैं और उन्हें पर्याप्त पानी मुहैया कराया जा रहा है वहीं वन्यजीवों के बाड़ों से तिरपालें हटा दी गई हैं जबकि धूप से बचाने के लिए बाड़ों के ऊपर ग्रीन नेट लगाई गई है और ज्यादा गर्मी के दौरान नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। रेड पांडा जो ठंडे और नम वातावरण में रहने वाला जीव है उसके बाड़े में विशेष रूप से ग्रीन नेट और स्प्रिंकलिंग की व्यवस्था की गई है। वहीं बाघ और भालू के बाड़ों में बने तालाबों को पानी से भर दिया गया है ताकि वे गर्मी में राहत पा सकें। सर्दियों में लगाए गए हीटर और तिरपाल हटा दिए गए हैं जबकि कूलरए स्प्रिंकलर और छायादार स्थानों की व्यवस्था बढ़ाई गई है। दूसरी ओर पशु चिकित्सक डा. हिमांशु पांगती ने बताया कि मौसम के अनुसार वन्यजीवों की डाइट और देखभाल में बदलाव किया जाता है ताकि बढ़ते तापमान का उनके स्वास्थ्य पर कोई असर न पड़े।

## 98.6 फीसदी अंक लाकर दिग्विजय ने बढ़ाया का मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के काठगोदाम क्षेत्र के होनहार छात्र दिग्विजय सिंह अधिकारी ने हाईस्कूल परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बता दें देवखड़ी (काठगोदाम) निवासी दिग्विजय सिंह अधिकारी के पिता ललित सिंह अधिकारी लोनिवि रानीखेत में सहायक अभियंता हैं जबकि माता सुमन अधिकारी चेष्टा विकास कल्याण समिति नैनीताल की संस्थापिका हैं। दो भाई बहनों में बड़े दिग्विजय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को दिया है। दिग्विजय इंस्पिरेशन स्कूल काठगोदाम हल्द्वानी के छात्र हैं। उन्होंने नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और कठिन परिश्रम को अपनी सफलता का मूल मंत्र बताया।



## वी-विहान क्लब ने झटकी ट्राफी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मक्कार स्पोर्ट्स क्लब द्वारा विकास जोशी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को डीएसए मैदान में हुए फाइनल मुकाबले में वी-विहान क्लब नैनीताल ने मक्कार स्पोर्ट्स क्लब को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व वी-विहान क्लब ने पहले खेलकर 188 रन बनाये, जवाब में मक्कार की टीम 130 रन ही बना सकी। प्रदीप उप्रेती व सचिन नेगी को विशेष पुरस्कार दिये गये। मैच के मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और शुभ आशीष दिए। मैच में अतिथि के रूप में डीएसए नैनीताल के महासचिव मनोज जोशी, क्रिकेट सचिव रवि प्रकाश जोशी, बॅलीबाल सचिव शैलेंद्र बर्गली, भाजपा नेता अरविंद पडियार, सभासद भगवत रावत व मनोज जगाती, अनु मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बौबी समेत खजान सिंह डंगवाल, सन्तोष कुमार, संतोष साह, प्रदीप कुमार, शैलेन्द्र बिष्ट, मनोज गंगोला, गोपाल बिष्ट, आनन्द बिष्ट तथा लाल सिंह बिष्ट, सचिन नेगी व गोविंद बिष्ट सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।



## 18 करोड़ 22 लाख से बनेगा मोटर मार्ग

**धारी।** कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा काठगोदाम से रानीबाग के बीच गुलाबघाटी के पास हमेशा जाम की स्थति बनी रहती थीए जिस कारण भीमताल विधानसभा क्षेत्र सहित कुमाऊँ के लोगों और पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लगातार जाम की स्थिति बनने से पर्यटकों, स्थानीय लोग घंटो जाम में फंसे रहते हैं। मंत्री कैड़ा ने जाम से निजात दिलाने हेतु मुख्यमंत्री धामी से काठगोदाम से दानीजाला सिमलखेत होते हुए एचएमटी अमृतपुर तक बाईपास बनाने की मांग की। मंत्री राम सिंह कैड़ा की मांग पर बाईपास मोटर मार्ग की मुख्यमंत्री ने 18 करोड़ 22 लाख की स्वीकृति दे दी है। प्रथम चरण में पहाड़ कटान के लिए 1 करोड़ 75 जबकि द्वितीय चरण में पार्ट दो के कार्य के लिए 4 करोड़ 69 लाख का शासन से शासनादेश जारी करा दिया है।

## गर्मी में नैनीताल आने वाले पक्षियों पर वन विभाग की नजर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** गर्मी के मौसम में नैनीताल क्षेत्र में आने वाले प्रवासी और स्थानीय पक्षियों की गतिविधियों पर इस बार वन विभाग विशेष नजर रखेगा। इसके तहत पक्षियों के व्यवहार, रहन सहन और उनके प्रवास पैटर्न का भी अध्ययन किया जाएगा। बता दें गर्मी के मौसम में पहाड़ों की ओर रुख करने वाले पक्षियों की निगरानी के लिए वन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभाग की ओर से विभिन्न वन क्षेत्रों और झीलों के आसपास पक्षियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। नैनीताल वन प्रभाग की एसडीओ ममता चंद ने बताया कि विभाग बीते तीन वर्षों से विभाग की ओर से अलग.अलग मौसम में पक्षी गणना की जा रही है। गर्मी के दौरान भी कई प्रजातियों के पक्षी नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में पहुंचते हैं। इन पक्षियों के व्यवहारए उनके खानपानए घोंसले बनाने के तरीके और रहन-सहन का बारीकी से अध्ययन भी वन विभाग की ओर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस निगरानी का उद्देश्य पक्षियों के संरक्षण को मजबूत करना और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित बनाए रखना है। साथ हीए बदलते मौसम और पर्यावरणीय परिस्थितियों का पक्षियों पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आंकलन किया जाएगा। वन विभाग की टीम समय-समय पर विभिन्न स्थानों का निरीक्षण करेगी और आवश्यकतानुसार संरक्षण संबंधी कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भी पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि उनकी प्राकृतिक गतिविधियों में किसी तरह का व्यवधान न हो। इससे पक्षी गणना में भी सहायता मिलेगी।

# रंगारंग प्रस्तुति से बांधा समा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के रामगढ़ महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. विश्वनाथ खाली ने छात्र-छात्राओं से कहा कि उन्हें सदैव अपने पैर जमीन पर और लक्ष्य आसमान पर रखना चाहिए। कहा कि नशे रूपी दानव को जीवन में कभी प्रवेश नहीं देना चाहिए। कहा कि मानवीय गुणों का आत्मसात ही सच्ची शिक्षा का अर्थ है। इससे पूर्व कालेज के प्राचार्य प्रो. नगेंद्र द्विवेदी ने सभी का स्वागत किया और कहा कि उच्च शिक्षा निदेशक का महाविद्यालय में आना महाविद्यालय का सौभाग्य है ।उनके आने से महाविद्यालय परिवार को प्रेरणा और नई ऊर्जा प्राप्त होगी जबकि प्रो. माया शुकला ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहां की उच्च शिक्षा निदेशक की सरलता सहजता शिरोधार्य है। वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति से समा बांधा। सरस्वती वंदना, कुमाऊंनी लोक नृत्य, ललिता रावत की गजल कहां चिराग, दिव्या नेगी के कुमाऊंनी लोक नृत्य ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डा. हरेश राम ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण से समा बांधा। महाविद्यालय का फीडबैक हिमानी आर्य, कुमकुम रतन और आरती के द्वारा दिया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में चैंपियन ट्राफी पवन कुमार और नित्या साह को मिली। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. निर्मला रावत ने किया । इस अवसर पर डा. हरीश चन्द्र जोशी, डा. हरेश राम, कविंद्र प्रसाद, दीप्ति, कमलेश, गणेश, प्रेम भारती, मोहिता, कमल, प्रियांशु, सारांश तथा पायल सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# समृद्धि लाएगी पोषण वाटिका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कृषि विज्ञान केंद्र (केव.ीके) ज्योलीकोट द्वारा भीमताल ब्लॉक के विभिन्न ग्राम सभाओं में महिला किसानों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बता दें केंद्र के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पोषण वाटिका के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें साल भर रसायन मुक्त ताजी सबजियां मुहैया कराना है। प्रशिक्षण के दौरान दागड़, गेठिया, बेलुवाखान, गाँजा और भलयूटी गाँवों की महिलाओं को खरीफ के मौसम में सबजियों के सफल उत्पादन की बारीकियां सिखाई गई। कार्यक्रम में महिलाओं को पारंपरिक खेती से हटकर आधुनिक और वैज्ञानिक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। केंद्र की गृह वैज्ञानिक डा. सुधा जुकारिया ने गुणवत्तापूर्ण पौध तैयार करने और कम लागत में वैज्ञानिक पद्धति से बीजों के रोपण की तकनीक बताई। प्रशिक्षण के उपरांत महिलाओं को प्रोत्साहन स्वरूप उच्च गुणवत्ता वाले उन्नत किस्म के बीज और पौधे वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बीना जीना उपस्थित रहीं, उनके साथ ही दीपा शाह, प्राची, कमलेश जीना, चन्द्रा तथा तुलसी और हंसा सहित क्षेत्र की कई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा. संजय चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को पोषण वाटिका के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### अराजक तत्वों ने लगाई बलियानाला के जंगलों में आग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** फायर सीजन की शुरुआत के साथ ही जिले के जंगलों में आग की घटनाएं सामने आने लगी हैं। रविवार को गेठिया क्षेत्र के जंगलों में दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने से पूरे दिन धुआं उठता रहा जिससे आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। दूसरी ओर नैनीताल नगर से सटे बलियानाला क्षेत्र के जंगल में रविवार की रात को अराजक तत्वों ने जंगल में आग लगा दी। सूचना के बाद वन कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने की कवायद चल रही है।

# महिला आरक्षण बिल भाजपा का प्लान बी: खष्टी बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पूर्व दर्जा राज्य मंत्री व जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पास नहीं होने का मुख्य कारण बीजेपी के अस्पष्ट उद्देश्यों और जनता को धोखे में रखने वाली नीतियां को बताया। बिष्ट ने स्पष्ट किया कि वे महिला आरक्षण के महत्व को कांग्रेस पार्टी भली भांति समझती हैं और सदैव उसके पक्ष में रहती हैं परन्तु सरकार की नीतियां छल से भरी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं नीति निर्माण में पेंच फंसाकर विपक्ष को बदनाम करती है। सरकार ने परिसीमन को महिला आरक्षण विधेयक के साथ जोड़कर चुनावी तिकड़म लगाया है। बिष्ट के मुताबिक दरअसल महिला आरक्षण तो बीजेपी का प्लान बी है। मुख्य प्लान तो परिसीमन की आड़ में लोकसभा व विधानसभाओं की सीटों की गणित से अपने वोट बैंक के भविष्य को सुनिश्चित करना है। कहा कि यदि सरकार को महिलाओं के विकास व सम्मान की इतनी ही फिक्र है और महिलाओं को अधिकार देने की नेक नीयति है तो परिसीमन की जिद छोड़कर 543 लोकसभा सीटों पर ही आरक्षण कयों नहीं दे देते? यह सिर्फ 2023 में पारित हुए विधेयक को तोड़ मरोड़ कर विपक्ष को गुमराह करके अपने पक्ष में करने की कवायद है। उन्होंने संदेह व्यक्त किया कि इस समय बिल का हल्ला मचाना बीजेपी की राजनैतिक गणित का हिस्सा है जो समय की नजाकत को ध्यान में रखते हुए नाजुक समय पर उठाया गया है।



# वन अर्थ, वन यूचर: वैश्विक विकास के लिए बहु विषयक दृष्टिकोण विषय पर सम्मलेन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** माइंड पावर विश्वविद्यालय भीमताल में वन अर्थ, वन यूचर वैश्विक विकास हेतु बहु विषयक दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि डा. राकेश पांडे प्रो. तस्मानिया यूनिवर्सिटी व विशिष्ट अतिथि डा. मंगल सिंह मांद्रवाल कुमाऊँ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

यूनिवर्सिटी के चांसलर डा. योगेश कुमार ने यूनिवर्सिटी परिवार की ओर से मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि व देश विदेश के शोधार्थियों का स्वागत किया। प्रो. चांसलर डा. ब्रजेश कुमार ने मुख्य अतिथि को बुके भेंटकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में वर्तमान समय में वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल एकल विषय से संभव नहीं है बल्कि इसके लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने शिक्षा, शोध एवं नवाचार के समन्वय को विकास का प्रमुख आधार बताया। कहा कि आज हम एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रासंगिक विषय श्वन अर्थ वन फ्यूचर: विकास हेतु बहु विषयक दृष्टिकोण पर एकत्रित हुए हैं। यह विषय हमें यह संदेश देता है कि हमारी पृथ्वी एक है और हमारा भविष्य भी एक ही है इसलिए इसके संरक्षण और विकास की जिम्मेदारी भी हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। इस टॉपिक पर प्रो. चां. सलर डा. ब्रजेश ने कहा कि अगर इस पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना है तो सभी को मिलकर आज से ही जुट जाना होगा। इस अवसर पर साउथ अफ्रीका से आई एंजिला ने भी अपनी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डा. हृदयेश प्रो वाइस चां. सलर डा. पवन कुमार, देवेन्द्र सिंह बोहरा, डा. सुरेश, डा. विकाश, डा. रमन, केडी सिंह उपस्थित रहे। वाइस चांसलर डा. श्वेता भोसले ने सभी का धन्यवाद किया।




**सूचना**

मेरे सभी दस्तावेजों में मेरे पिताजी का नाम श्री अनूप सिंह पंवार लिखा है। जबकि मेरी 10वीं कक्षा की मार्कशीट और प्रमाण पत्र में मेरे पिताजी का नाम गलती से श्री अनूप पंवार लिखा गया है। श्री अनूप सिंह पंवार और श्री अनूप पंवार दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे पिताजी के हैं।

**अग्रिम अनूप पंवार S/o श्री अनूप सिंह पंवार R/o राज एन्क्लेव, Opp लेन नंबर D6, अमन विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून, उत्तराखंड, भारत 248001**

न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय, टिहरी गढवाल नई टिहरी।
उ0वा0सं0– 14 सन्2026
श्रीमती दीपा देवी व अन्य
बनाम
विक्रम सिंह व अन्य
नोटिस बनाम– समस्त रिश्तेदारन आम व खास एवं संबंधी मृतक रूकम सिंह पुत्र सुंदर सिंह निवासी चकरेड़ा, पट्टी नैलचामी तहसील घनसाली, जिला टिहरी गढवाल।

चूंकि प्रार्थीगण ने एक वाद धारा 372 भा0उ0 अधिनियम व उत्तराखंड समान नागरिक संहिता 2024 के अंतर्गत मृतक रूकम सिंह की जमा धनराशि मु0–100,000 /रूपये आर0पी0एल0आइ0 मुख्य डाकघर नई टिहरी में जमा राशि के उत्तराधिकार चाहने बावत इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतः समस्त रिश्तेदारान आम व खास सम्बधी मृतक रूकम सिंह को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को मृतक रूकम सिंह की उपरोक्त जमा धनराशि के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने में कोई आपत्ति हो तो दिनांक–05 माह 05 सन् 2026 को 10 बजे प्रातः इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

आदेशानुसार
मुख्य प्रबंधक
जिला जजी
नई टिहरी, टिहरी गढवाल

न्यायालय जिला न्यायाधीश टिहरी गढवाल, नई टिहरी
उ0वा0सं0– सन्2026

प्रार्थी– जोध सिंह उर्फ जोत सिंह पुत्र स्व0 नन्दन सिंह, निवासी ग्राम डाबरी, पट्टी जुवा, तहसील टिहरी जिला टिहरी गढवाल, हाल निवासी म0स0ए0 97 ब्लाक ए डेरी फार्म बसुन्धरा एन्क्लेव, प्रीत विहार दिल्ली।
बनाम
विपक्षीगण–1– श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री जोध सिंह उर्फ जोत सिंह। 2– नटवर सिंह जोध सिंह उर्फ जोत सिंह। 3– सुधीर सिंह पुत्र श्री जोध सिंह उर्फ जोत सिंह उपरोक्त तीनों निवासीगण ग्राम डाबरी पट्टी जुवा, तहसील टिहरी जिला टिहरी गढवाल उत्तराखंड, हाल निवास म0स0ए0 97 ब्लाक ए डेरी फार्म बसुन्धरा एन्क्लेव, प्रीत विहार दिल्ली– 110096। 4– समस्त रिश्तेदारान आम व खास।

चूंकि प्रार्थी ने मृतका दयालदेई देवी पत्नी श्री जोध सिंह उर्फ जोत सिंह नवासी ग्राम डाबरी, पट्टी जुवा, तहसील टिहरी जिला टिहरी गढवाल की दिनांक–15–12–2019 को मृत्यु हो जाने के कारण उसके नाम भारतीय स्टेट बैंक की शाखा काण्डीखाल जिला टिहरी गढवाल में विभिन्न खातों में जमा कुल मु0–1,17,215 रूपये की धनराशि के बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 372 सपठित धारा 360 उत्तराखंड समान नागरिक संहिता 2024 के तहत प्रस्तुत किया गया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 06 माह05 सन् 2026 की तिथि नियत है।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपको यदि इस बावत कोई आपत्ति हो तो आप उक्त नियत तिथि दिनांक–06 माह05 सन् 2026 को समय 10 बजे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से इस न्यायालय में हाजिर आकर प्रस्तुत कर देवें अन्यथा इस न्यायालय द्वारा प्रार्थी के प्रार्थनापत्र की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय रूप से कर दी जाएगी।

अतः आज दिनांक–27 माह 03 सन्2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

आदेशानुसार
मुख्य प्रबंधक
जिला जजी
नई टिहरी, टिहरी गढवाल

